



दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...






● नई दिल्ली। गुरुवार 25 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 276 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## रेलवे कर्मचारियों को दिवाली बोनस का ऐलान

# 78 दिन का वेतन बोनस के रूप में मिलेगा




**नई दिल्ली।** डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को 6 बड़े फैसले लिए हैं।कैबिनेट ने कुल 94,916 करोड़ रुपयों का आवंटन किया है। इस फैसले के तहत 10.91 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता से जुड़े बोनस के तौर पर 1865.68 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी दी गई। वहीं बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन के लिए 2192 करोड़ रुपयों का भुगतान किया गया है।

पात्र रेलवे कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है। इस साल भी लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा रहा है। पीएलबी का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने हेतु रेलवे कर्मचारियों को प्रेरित करने हेतु एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। हरेक पात्र रेलवे कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी की अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है।

उपरोक्त राशि का भुगतान विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारियों को किया जाएगा।

**बेतिया-**


विस्तृत खबर, पृष्ठ 2


# गाजियाबाद में फिर थूक कांड!

## करीम होटल का वीडियो वायरल, संचालक गिरफ्तार

**बेहूदगी**

> पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद जिले में एक बार फिर थूक कांड चर्चा का विषय बन गया है। बुधवार को लोनी अंकुर विहार थानाक्षेत्र के विजय विहार मेन रोड स्थित करीम होटल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें एक कारीगर तंदूर पर रोटी बनाते समय उस पर थूकता हुआ दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया है, और हिंदू संगठनों ने इसे लेकर नाराजगी में है।

इस मामले की शिकायत दिल्ली निवासी राहुल पचौरी ने लोनी के अंकुर विहार थाने में दर्ज कराई है। उनका कहना है कि पिछले साल भी इसी होटल



से इस तरह की घटना सामने आई थी, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई थीं। शिकायत में उन्होंने होटल मालिक शाहरुख के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और होटल को तत्काल सील करने की मांग की है।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की शुरू

करंट क्राइम। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 272, 274 और 275 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि थूकते हुए नजर आ रहा कारीगर अभी भी फरार है। उसकी तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राहुल कुमार को सौंपी गई है।

### एक साल में दर्जनों मामले, नहीं थम रहे थूक कांड



करंट क्राइम। गाजियाबाद की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक वर्ष में शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों – सिटी, नंदग्राम, लोनी, कविनगर, मसूरी से लेकर देहात इलाकों तक – ऐसे दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें खास समुदाय से जुड़े कुछ लोगों द्वारा भोजन या रोटी बनाते समय थूकने की शिकायतें मिली हैं। इन घटनाओं ने सिर्फ धार्मिक और सामाजिक आक्रोश को जन्म नहीं दिया है, बल्कि स्वास्थ्य और जन-विश्वास के क्षेत्र में भी गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस प्रवृत्ति को थूक जिहाद करार देते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं हिंदू रक्षा दल सहित कई हिंदू संगठनों ने खुलकर इसका विरोध किया है और ऐसी घटनाओं को पूर्व नियोजित साजिश बताया है।

## हिंडन एयरपोर्ट से गाजियाबाद को मिले नए अवसर

# सांसद अतुल गर्ग की पहल पर लखनऊ-प्रयागराज उड़ानों का रास्ता हुआ साफ

**उच्चस्तरीय बैठक**

> एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में हुई बैठक में सांसद अतुल गर्ग ने यात्रियों की जरूरत को मजबूती से रखा





**नई दिल्ली/गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन एयरपोर्ट को यात्रियों की पहली पसंद बनाने में गाज़ियाबाद सांसद अतुल गर्ग की अहम भूमिका रही है। अब तक एयरपोर्ट से चली हर उड़ान में उनके प्रयास निर्णायक साबित हुए हैं। मंगलवार को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में हुई उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने एक बार फिर यात्रियों की जरूरत को मजबूती से रखा और लखनऊ व प्रयागराज के लिए सीधी उड़ानों की मांग की। उनका कहना था कि यह न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के लाखों लोगों की जरूरत है, और हिंडन एयरपोर्ट इसे पूरी तरह पूरा करने की क्षमता रखता है।

अतुल गर्ग ने आँकड़ों के हवाले से बताया कि बीते छह महीनों में हिंडन एयरपोर्ट से छह लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया है और यहाँ से उड़ानों की ऑक्यूपेंसी 92 प्रतिशत तक रही है। यह नतीजे इस बात का सबूत हैं कि एयरपोर्ट लगातार लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बैठक में एयरपोर्ट विस्तार का मुद्दा भी उठाया और गाज़ियाबाद प्रशासन द्वारा नौ एकड़ अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने की सहमति पर चर्चा की।

बैठक नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी भवन में हुई, जिसमें एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारतीय वायुसेना और प्रमुख एयरलाइंस कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एएआई के ऑपरेशन हेड शरद कुमार ने हिंडन एयरपोर्ट पर हाल ही में किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार और यात्री सुविधाओं की जानकारी साझा की। इसके बाद एयरलाइंस कंपनियों से दिवाली से पूर्व लखनऊ और प्रयागराज के लिए उड़ानों का प्रस्ताव लाने का आग्रह किया गया। इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्टार अलायंस जैसी प्रमुख कंपनियों ने इस पर रुचि दिखाई।

यह बैठक गाज़ियाबाद के लिए कई मायनों में अहम रही। एक ओर लखनऊ और प्रयागराज के लिए उड़ानें शुरू होने का रास्ता साफ हुआ, वहीं दूसरी ओर एयरपोर्ट विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि मिलने से भविष्य की उड़ानों और यात्री सुविधाओं के विस्तार का रास्ता भी खुल गया। इस कदम से गाज़ियाबाद के व्यापार, उद्योग और पर्यटन क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा और यात्रियों की दिल्ली एयरपोर्ट पर निर्भरता घटेगी।


हिंडन एयरपोर्ट को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी का हब बनाने की दिशा में यह बैठक गाज़ियाबाद ही नहीं, पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक बड़ा कदम मानी जा रही है।




### हिंडन एयरपोर्ट बैठक की खास बातें

- 6 लाख यात्री 6 माह में हिंडन से सफर कर चुके
- 92% ऑक्यूपेंसी, एयरपोर्ट की लोकप्रियता का प्रमाण
- गाज़ियाबाद प्रशासन देगा 9 एकड़ अतिरिक्त भूमि
- दिवाली से पहले लखनऊ और प्रयागराज उड़ानों की संभावना
- इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्टार अलायंस ने दिखाई रुचि
- गाज़ियाबाद के व्यापार और पर्यटन को सीधा लाभ

### हिंडन एयरपोर्ट का कैचमेंट सबसे बड़ा, अतुल गर्ग के अध्ययन ने पेश किए ठोस तर्क



बैठक में पेश किए गए मैप ने यह साफ कर दिया कि दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा यात्री क्षेत्र हिंडन एयरपोर्ट से जुड़ा है। दिल्ली का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा, गाज़ियाबाद, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर और बागपत जैसे घनी आबादी वाले ज़िले सीधे हिंडन की पहुंच में आते हैं। सांसद अतुल गर्ग ने अपने गहन अध्ययन और आँकड़ों के आधार पर यह तर्क रखा कि हिंडन एयरपोर्ट आईजीआई और जेवर दोनों से आगे निकलता है। आईजीआई कैचमेंट मुख्य रूप से गुरुग्राम और हरियाणा तक सीमित है, जबकि जेवर एयरपोर्ट का घेरा आगरा, अलीगढ़ और मथुरा जैसे दक्षिणी जिलों तक सिमटता है। लेकिन गाज़ियाबाद का हिंडन एयरपोर्ट इन दोनों के बीच स्थित होकर सबसे अधिक आबादी को जोड़ने वाला केंद्र है। गर्ग ने बताया कि यही वजह है कि हिंडन से उड़ान भरने वाली हर फ्लाइट लगभग पूरी तरह भरी रहती है और एयरपोर्ट यात्रियों की पहली पसंद बन चुका है। उनका मानना है कि यदि यहां से लखनऊ और प्रयागराज जैसी अहम उड़ानें शुरू होती हैं, तो न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

# प्रभु श्रीराम की भव्य बारात का होगा अब दुर्गा भाभी चौक पर विराम

## जनक नगरी में तब्दील होगी नवयुग मार्किट और गूंजेगा जनकसुता का नाम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** परंपराओं वाली रामलीला में इस वर्ष सनातन संस्कृति को बढ़ाते हुए नई परंपराओं का आगाज किया है और नई परंपराओं में इस वर्ष जिस परंपरा ने सभी को आस्था से जोड़ा है, प्रभु श्रीराम की भक्ति से जोड़ा है, वो परंपरा इस बार प्रभु श्रीराम विवाह के उपरांत मां सीता की विदाई है। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा मां सीता की विदाई को भव्य और पारंपरिक स्वरूप देने के लिये प्रयास किये गये और यहां इस प्रयास में क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा का विशेष योगदान रहा और इसे आधुनिक भाषा में कह सकते हैं कि एक शानदार इवेंट का आयोजन हुआ।

नवयुग मार्किट का दुर्गा भाभी चौक इसका गवाह बना और यहां एक नए विजन के साथ रामलीला कमेटी और क्षेत्रीय पार्षद आए। उनके इस नए प्रयोग को क्षेत्र की जनता ने बेहद प्यार दिया है। बताते हैं कि मां सीता की विदाई के इस भव्य आयोजन से स्थानीय सांसद अतुल गर्ग भी प्रसन्न हुए। आयोजक भी इस सफलता से गदगद हैं और मंच से ये ऐलान हुआ कि अगले वर्ष जब प्रभु श्रीराम की बारात निकलेगी तो वो पूरी भव्यता के साथ निकलेगी तथा इसका विराम नवयुग मार्किट में दुर्गा भाभी चौक शिव चौक पर होगा। सबसे खास बात ये है कि नवयुग मार्किट और दुर्गा भाभी चौक के आसपास का इलाका पूरी तरह से जनक नगर में तब्दील हो जाएगा। यहां आस्था का एक संगम होगा और अगले दिन मां सीता की विदाई का स्थल यही स्थान रहेगा। ये भव्य आयोजन आगरा के बाद गाजियाबाद में देखने को मिलेगा।

### प्रभु राम का मिला आशीर्वाद तो करेंगे और भव्य काम: सुधीर गोयल मोनू



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि हम अपने इस नये कॉन्सेप्ट की इस सफलता से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद हम पर रहा तो हम सनातन संस्कृति, रामभक्ति, परंपराओं की पवित्रता को कायम रखेंगे। एक ऐसा आयोजन करेंगे जिसमें हम आने वाली पीढ़ी को भी ये संदेश देंगे कि हमारी सनातन संस्कृति गौरवमयी परंपराओं को लिये हुए है। उन्होंने बताया कि मैंने यह काम अपनी पूरी टीम के साथ किया है। उस्ताद अशोक गोयल, अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, मंत्री प्रदीप मित्तल तथा लेखा परीक्षक रविंद्र मित्तल के साथ मिलकर काम किया है। इस आयोजन में अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष तथा मुख्य सहयोगी वीरो बाबा के सहयोग को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मां सीता की विशेष डोली सहारनपुर में तैयार कराई गई। इसे जगन्नाथ यात्रा की तरह आस्था के साथ मुख्य बाजारों से लाने का कॉन्सेप्ट मेरा रहा। सभी का सहयोग रहा और क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा ने हमारे इस आयोजन को एक भव्य महोत्सव के रूप में दुर्गा भाभी चौक पर बदला है। हम नई योजनाओं के साथ काम कर रहे हैं और इस सफलता के लिये मैं अपने सभी साथियों का आभार व्यक्त करता हूं।

### उत्सव को महोत्सव में बदलकर छा गए पार्षद राजीव शर्मा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिस क्षेत्र से राम बारात होकर गुजरती है उस क्षेत्र में चार वार्ड पड़ते हैं। लेकिन यहां भाजपा पार्षद राजीव शर्मा ने मां सीता की विदाई के मनोरम उत्सव को एक भव्य महोत्सव में बदला है। सबसे बड़ी खास बात ये रही है कि उन्होंने भक्तिभाव में पूरे क्षेत्र की जनता को साथ लिया और जिस समय मां सीता की विदाई का दृश्य शुरू हुआ तो दुर्गा भाभी चौक पर राम भक्तों में एक अलग ही उत्साह था। राजीव शर्मा ने इसके लिये विशेष व्यवस्था की थी जिसमें शानदार भोजन से लेकर बैठने के लिये सोफों की व्यवस्था थी। भव्य मंच था और मंच पर सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, म्हानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित कई सियासी हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति थी। मां सीता की विदाई के दौरान यूं तो कमेटी द्वारा अनेक स्वागत स्थल बनाए गए थे, लेकिन राजीव शर्मा ने जिस तरह से स्वागत की थीम तैयार की उससे उन्होंने क्षेत्र की जनता को भी राम भक्ति के भावनात्मक अंदाज में अपने साथ लिया। इस आयोजन के बाद पार्षद राजीव शर्मा भी वास्तव में छा गए हैं। इससे पहले उन्होंने दुर्गा भाभी चौक का निर्माण कराया था और फिर उन्होंने शहीद पथ का निर्माण कराया और आज नवयुग मार्किट की पहचान देशभक्ति वाले पथ से होती है। स्वाधीनता दिवस हो या गणतंत्रता दिवस या फिर तिरंगा महोत्सव ही क्यों ना हो सबका डेस्टिनेशन नवयुग मार्किट का शहीद पथ ही होता है।

### उठा ये सवाल, सीता की विदाई के बाद दशानन दहन का तीर किसके हाथ

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। परंपराओं वाली रामलीला है और इस बार मां सीता की विदाई का आयोजन भव्य हुआ है और यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने जनक का किरदार निभाया है और विधायक संजीव शर्मा ने मां सीता के भाई का किरदार निभाया है। हालांकि ये बातें मौखिक हैं और किसी आयोजन में सांकेतिक रूप से होती है। लेकिन अब ये चर्चा उठी है कि अगर किरदार में सांसद महाराज जनक हैं तो फिर दशानन दहन के दिन क्या उन्हीं के तीर से दहन होगा। क्योंकि सांसद उस दिन चीफ गेस्ट के रूप में भी रहेंगे। ऐसे में ये चर्चा हो रही है कि अगर ऐसा होता है तो क्या ये भी कोई नई परंपरा होगी। क्योंकि तकनीकी रूप से तो यही सवाल उठ रहा है। अब दो अक्टूबर को दशानन दहन पर यह सीन भी रोचक रहेगा। हालांकि रामलीला से जुड़े प्रमुख लोग ये मानकर चल रहे हैं कि यह एक धार्मिक आयोजन है और इसमें सांकेतिक रूप से सभी काम होते हैं, लिहाजा ये इतना बड़ा इश्यू नहीं है और दशानन का दहन तो प्रभु श्रीराम ही करेंगे लेकिन सांकेतिक रूप से चीफ गेस्ट के रूप में सांसद ही तीर चलाकर पुरानी परंपरा का पालन करेंगे।

# रेलवे के 10 लाख कर्मियों को दिवाली बोनस

## बिहार के लिए 6 हजार करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। इससे 10.90 लाख कर्मचारियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए लाभ मिलेगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी है। इससे 10.90 लाख कर्मचारियों को दिवाली से पहले उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए लाभ मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह बोनस उनके 78 दिनों के वेतन के बराबर है। हर साल दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान किया जाता है। पिछले साल मोदी सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंजूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था।

एक पात्र रेल कर्मचारी को 78 दिनों के लिए अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि कई प्रकार के रेल कर्मचारियों को दी जाएगी। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोकोमोटिव पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने कहा, ₹वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 मिलियन टन माल ढुलाई की और लगभग 7.3 बिलियन यात्रियों को ढोया। वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने नेशनल शिप बिल्डिंग मिशन को भी मंजूरी दी है।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए यह बात कही। इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 24,736 करोड़ रुपये की कुल राशि के साथ 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा।

इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट भी शामिल है। सभी पहलों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन भी स्थापित किया जाएगा। इसके अलावे, इस क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण उपलब्ध कराने हेतु 25,000 करोड़ रुपये की राशि के साथ समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) को मंजूरी दी गई है। जहाज निर्माण विकास योजना का बजटीय परिव्यय 19,989 करोड़ रुपये है।

### कैबिनेट से ₹94916 करोड़ की छह परियोजनाओं को मंजूरी

| | |
|---|---|
| रेलवे: बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया दोहरीकरण | 2,192 |
| राजमार्ग: साहेबगंज–बेतिया खंड (NH-139W) का फोर लेन निर्माण | 3,822 |
| रेलवे उत्पादकता से जुड़ा बोनस | 1,866 |
| जहाज निर्माण और समुद्री विकास सुधार | 69,725 |
| सीएसआईआर योजना: क्षमता निर्माण एवं मानव संसाधन विकास | 2,277 |
| चिकित्सकीय शिक्षा का विस्तार | 15,034 |
| कुल | 94,916 |



### बिहार को 6 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं

केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर–राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2,192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के लिए लगभग छह हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है।

### जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 69725 करोड़

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत के जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को भी मंजूरी दी। यह मिशन घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड शिपयार्ड विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने तथा मजबूत समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए बनाया गया है।

# 20 दिन बाद भी प्रेसिडियम स्कूल की छात्रा की मौत के रहस्य से नहीं उठा पर्दा

## स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर




**नोएडा। करंट क्राइम।** नोएडा के एक प्रतिष्ठित प्राइवेट स्कूल में 10 साल की छात्रा तनिष्का की मौत का रहस्त अब भी बरकरार है। घर से जब छात्रा स्कूल गई थी तो पूरी तरह स्वस्थ्य थीं। आखिर ऐसा क्या हो गया कि चंद घंटे के भीतर ही उसकी मौत हो गई। अब यह मौत रहस्य बन चुकी है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि बच्ची की मौत की जांच अभी जारी है। सेक्टर 31 स्थित प्रीसीडियम में क्लास 6 की छात्रा की तनिष्का की सांस रूकने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मौत की वजह बताने में नाकाम रही है। अब पुलिस विसरा जांच से राज जानने की कोशिश में है।

मृतक छात्रा 4 सितंबर की सुबह वह हमेशा की तरह तैयार होकर स्कूल गई थी। परिवार का कहना है कि बच्ची उस दिन बेहद खुश थी और अपनी टीचर के लिए गिफ्ट भी लेकर गई थी। लेकिन कुछ ही देर बाद घरवालों को स्कूल की तरफ से फोन आया कि तनिष्का को तुरंत अस्पताल लाया गया है। जब तक परिवार वहां पहुंचा, बच्ची दम तोड़ चुकी थी। वहीं इस मामले में अब प्रेसिडियम स्कूल के मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

तनिष्का की मां तृप्ता शर्मा का कहना है कि स्कूल वाले मौत की वजह नहीं बताई। किसी ने कहा बच्ची की तबीयत टिफिन खाते हुए बिगड़ी, तो किसी ने बताया कि वह सीढ़ियों पर चढ़ते समय गिर पड़ी, जबकि कुछ ने और कहानियां सुनाई।

पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया। लेकिन रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। ऐसे में पुलिस ने विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेज दिया। अभी तक मौत की वजह पूरी तरह रहस्य बनी हुई है. तनिष्का के परिजनों ने स्कूल पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं. इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। लेकिन अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि तनिष्का की मौत प्राकृतिक थी, किसी हादसे का नतीजा थी या फिर लापरवाही का अंजाम।

# सांसद अतुल गर्ग ने विधायक रहते ही दिया था फीस वृद्धि समस्या का सोल्यूशन

**मुद्दा**

**“ बताए सारे नियम और कहा- समाधान ना हो तो मुझे अवगत कराएं**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बीते दिनों दिशा की बैठक में स्कूलों को लेकर एक मुद्दा उठाया था और कहा था कि फीस वृद्धि से जुड़े नियम स्कूलों के बाहर एक बोर्ड पर प्रदर्शित किये जाने चाहिए ताकि अभिभाकों को भी अपने अधिकार पता रहे और स्कूलों की प्रक्रिया भी पारदर्शी हो। अब अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और उन्होंने एक बार फिर सरकार के नियम से सभी अभिभावकों को अवगत कराया और उन्होंने ये भी कहा कि यदि किसी भी अभिभावक को फीस संबंधी किसी मामले में कोई शिकायत है तो वो सीधे मुझे लिखित में भेज सकते हैं और मैं लिखित में ही उसका जवाब दूंगा।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि फीस वृद्धि को लेकर अक्सर अभिभावकों को शिकायत रहती है और ये उनकी समस्या भी है। उन्होंने अभिभावकों को राहत देने वाली जानकारी दी और कहा कि फीस वृद्धि को लेकर वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक कानून बनाया था और उस कानून की विवेचना के लिये तत्कालीन डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा को दायित्व दिया गया। उस समय विभाग के मुख्य सचिव संजय अग्रवाल हुआ करते थे और तत्कालीन डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने तत्कालीन विधायक तथा मंत्री अतुल गर्ग को इस कानून की विस्तृत विवेचना का कार्य सौंपा। अतुल गर्ग ने कहा कि यह पूरा कानून और नियम हमारी वेबसाइट पर मौजूद है। कोई भी व्यक्ति इसे देख सकता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने मुख्य बिंदुओं को बताया और कहा कि यदि इसके बाद भी किसी भी अभिभावक को कोई दिक्कत है तो वो मुझे लिखित में शिकायत दे सकते हैं और मैं उसकी जांच भी कराऊंगा और लिखित में जवाब भी दूंगा।



### नहीं लिया जा सकता एक बार से ज्यादा एक स्कूल में एडमिशन चार्ज

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सांसद अतुल गर्ग ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए कानून की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी स्कूल में किसी भी एडमिशन के बाद फिर से एडमिशन चार्ज यानी प्रवेश शुल्क नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह वन टाइम होता है और सिर्फ एक बार लिया जा सकता है। इसी तरह उन्होंने बताया कि परीक्षा शुल्क को भी स्कूलों को जस्टिफाइ करना होगा और सरकार भी इस पर निगाह रखेगी कि ये ज्यादा ना हो और अगर अभिभावकों को लगता है कि परीक्षा शुल्क ज्यादा है तो स्कूल प्रबंधन को तर्क देना होगा कि किस वजह से परीक्षा शुल्क लिया जा रहा है, कितना खर्चा आएगा। इसी तरह सांसद ने कहा कि टूरिज्म और परिवार जैसे खर्च भी वैकल्पिक हैं और स्कूलों में यह चार्ज सहमति के आधार पर लिया जाएगा और कोई भी स्कूल इसे जबरदस्ती नहीं वसूल सकता है।

### कॉपी-किताब और ड्रैस का विशेष दुकान वाला नहीं बनेगा दबाव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने शिक्षा के कानून और सरकार द्वारा अभिभावकों को दी गई सहूलियत का जिक्र करते हुए कहा कि कोई भी स्कूल स्टेशनरी, कॉपी–किताब और स्कूल यूनिफॉर्म को लेकर अभिभावकों पर दबाव नहीं बनाएगा। किसी भी अभिभावक पर यह दबाव नहीं बनाया जा सकता है कि वह स्कूल की ड्रेस या किताबें किसी दुकान विशेष से ही लेगा। इसके लिये अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन द्वारा मजबूर नहीं किया जा सकता है।

### एक साल में दस प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ाई जा सकती है फीस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सांसद अतुल गर्ग ने सरकार के कानूनों की जानकारी दी और कहा कि फीस वृद्धि को लेकर सरकार ने नियम स्पष्ट कर दिये हैं। अब किसी भी हालत में स्कूलों में दस प्रतिशत से ज्यादा फीस वृद्धि नहीं की जा सकती। इसके अलावा प्राइज इंडेक्स के आधार पर फीस वृद्धि होगी और वो भी इस आधार पर होगी कि क्या उस स्कूल में शिक्षकों का वेतन बढ़ाया गया है। किस अनुपात में शिक्षकों का वेतन बढ़ा है, केवल उतनी ही फीस बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा किसी भी प्रकार का डोनेशन पूरी तरह से गैरकानूनी माना जाएग।

### अगर स्कूल करें उल्लंघन तो करें जिलाधिकारी से शिकायत

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों की फीस को लेकर बनाए कानून की जानकारी दी। वो फीस वृद्धि को लेकर बनी समिति के सदस्य रहे हैं, समीक्षा की है और उन्होंने सभी अभिभावकों को जानकारी देते हुए ये कहा कि अगर कोई भी स्कूल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए फीस वृद्धि नियमों का उल्लंघन करता है तो इसकी शिकायत तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारी के यहां करें। उन्होंने अपनी वेबसाइट का भी जिक्र किया और कहा कि यहां भी शिकायत की जा सकती है।

### सांसद और विधायक से भी कर सकती है जनता शिकायत

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि फीस वृद्धि को लेकर सरकार ने जो नियम बनाए हैं उनका स्कूलों को पालन करना होगा। उन्होंने जनता से कहा कि यह सभी सुविधाएं आपका अधिकार है और किसी व्यक्ति को लगता है कि प्रशासनिक स्तर पर सुनवाई ठीक नहीं हुई है तो वह अपने स्थानीय सांसद–विधायक से भी शिकायत कर सकते हैं। जनप्रतिनिधि जनता की शिकायत को सरकार तक पहुंचाएंगे।

### स्कूलों के बाहर लगेंगे सरकार के कानून वाले बोर्ड

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अभिभावकों को राहत देने के लिये शिक्षा से जुड़े कानून बनाए हैं। इसमें फीस वृद्धि के नियम शामिल हैं, इसमें एडमिशन चार्ज का नियम शामिल है, इसमें परीक्षा शुल्क शामिल है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि वो पहले भी जिला परीक्षक की बैठक में इस बात को रख चुके हैं कि जो कानून अभिभावकों के कल्याण के लिये उत्तर प्रदेश की सरकार ने बनाए हैं उन सभी कानूनों को एक होर्डिंग के रूप में सभी स्कूलों के बाहर अनिवार्य रूप से लगाया जाए। ताकि हर व्यक्ति को अपने अधिकारों की जानकारी हो, हर अभिभावक को ये पता हो कि योगी सरकार ने उनके लिये क्या किया है। फीस वृद्धि को लेकर क्या राहत उदी है और क्या नियम बनाए हैं ये सबको पता होने चाहिए।

**उत्तर प्रदेश सरकार ने अभिभावकों को राहत देने के लिये शिक्षा से जुड़े कानून बनाए हैं। -अतुल गर्ग**

# पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी बैठक में छाया रहा वोट चोरी का मुद्दा, सोनिया और प्रियंका नहीं पहुंची




**पटना। करंट क्राइम।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने पटना में अपनी वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की। इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्किंग कमेटी की इस बैठक में राहुल गांधीए मल्लिकार्जुन खरगेए सलमान खुर्शीद और सचिन पायलट जैसे दिग्गज नेता शामिल हैं। लेकिन बैठक में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी शामिल नहीं हुई है। बैठक में कांग्रेस पार्टी बिहार विधानसभा चुनावए आरक्षण की सीमा बढ़ाने सहित राष्ट्रीय.अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श किया गया। आजादी के बाद बिहार में कांग्रेस कार्यसमिति की यह पहली बैठक है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार कांग्रेस के लिए इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उत्साह नजर आया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वोट चोरी को मुख्य मुददा बनाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मतलब है. दलितए आदिवासीए पिछड़ाए अति.पिछड़ाए अल्पसंख्यकए कमजोर और गरीब के राशन की चोरीए पेंशन चोरीए दवाई चोरीए बच्चों की छात्रवृत्ति और परीक्षा की चोरी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार के साथ.साथ अन्य राज्यों की भाजपा सरकारें भी धार्मिक ध्रुवीकरण और सांप्रदायिक भावनाओं को उकसाने के मौके तलाशती रहती हैं। सुबह 10 बजे से यह बैठक शुरू हुई है जो शाम 4 बजे तक चलेगी। इस बैठक में देशभर के 170 से ज्यादा शीर्ष कांग्रेस नेता मौजूद हैं।



# उत्तर प्रदेश दिल्ली के इंस्टीट्यूट में 17 छात्राओं के साथ शारीरिक उत्पीडन का सनसनीखेज मामला

## पूर्व संचालक बाबा चैतन्यानंद की करतूत




**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** दिल्ली के एक इंस्टीट्यूट में 17 छात्राओं के साथ यौन उत्पीडन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उत्पीडन का मामला सामने आने पर इंस्टीट्यूट के संचालक भाग खडे हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के वसंत कुंज में श्री शारदा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट है। यहां के पूर्व संचालक स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हैं।

पुलिस ने इंस्टिट्यूट का सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही दिल्ली पुलिस ने संस्थान के बेसमेंट से आरोपी की वोल्वो कार भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगा हुआ था। इस पूरे घटनाक्रम पर श्रृंगेरी (कर्नाटक) से दक्षिणाम्नाय श्रीशारदापीठ ने अपना बयान दिया है कि स्वामी चैतन्यनंद सरस्वती (पूर्व नाम स्वामी डॉ. पार्थसारथी) के खिलाफ गंभीर कदम उठाए गए हैं। उनके आचरण और गतिविधियां अवैध, अनुचित और पीठ के हितों के खिलाफ रही हैं। इसी कारण उनसे पीठ के सभी संबंध समाप्त कर दिए गए हैं। श्रृंगेरी पीठ की ओर से यह भी जानकारी दी गई है कि स्वामी चैतन्यनंद सरस्वती के अवैध कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई गई है। श्रृंगेरी पीठ ने स्पष्ट किया है कि श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च (वसंत कुंज, नई दिल्ली) एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है और यह संस्था पीठ के अधीन चल रही है।

आरोपी की हरकत का खुलासा खुद इसी आश्रम के प्रशासन (श्रृंगेरी) ने किया है जहां यह मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट चल रहा था। मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी को पद से हटा दिया गया है। आरोपी की आखिरी लोकेशन आगरा में मिली। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, अभी तक 16 छात्राओं के बयान पटियाला हाउस की मजिस्ट्रेट कोर्ट में दर्ज कराए जा चुके हैं।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, साउथ वेस्ट दिल्ली के वसंत कुंज नॉर्थ थाने में स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ महिला, छात्राओं से यौन शोषण और धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं।

# नाई निकला शातिर... बाल काटने के साथ करता था खतरनाक धंधा, पाकिस्तान से कनेक्शन

**नई दिल्ली।** नाई की दुकान करने वाला युवक शातिर निकला। आरोपी लोगों के बाल काटने के साथ अवैध धंधा भी कर रहा था। आरोपी के पाकिस्तान से भी कनेक्शन जुड़ रहे हैं। पंजाब के बॉर्डर एरिया फिरोजपुर के ममदोट में नाई की दुकान करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नाई अपनी दुकान में बाल काटने के साथ खतरनाक धंधा चला रहा था। पुलिस को आरोपी के बारे में सूचना मिली तो पुलिस ने दुकान पर रेड कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं।



ममदोट के सीमावर्ती गांव कड़मा में नाई की दुकान करने वाला 22 वर्षीय युवक पाकिस्तान से विदेशी हथियार मंगवाकर अपने साथी के साथ मिलकर इन्हें आगे बेचने का धंधा कर रहा था। आरोपी की दुकान से दो विदेशी पिस्तौल, मैगजीन व कारतूस बरामद हुए हैं। जबकि इसका दूसरा साथी फरार है। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी भूपेंद्र सिंह सिद्धू ने बताया कि आरोपी साजन गांव कड़मा का ही रहने वाला है। साजन अपने साथी के साथ मिलकर पाकिस्तान से विदेशी हथियार मंगवा कर आगे बेच रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी साजन को गिरफ्तार कर लिया और इसके पास से एक पिस्तौल .9 एमएम ग्लॉक, दो मैगजीन ( मैड इन आस्ट्रेलिया) व 30 एमएम बरेटा (मेड इन इटली) पिस्तौल, दो मैगजीन और छह कारतूस बरामद हुए हैं।

एसएसपी ने बताया कि साजन की नाई की दुकान है और हेयर कटिंग का काम करता है। दुकान अवैध हथियार भी रखे हुए थे। ये और इसका साथी मिलकर अवैध हथियारों का धंधा करते हैं।

# बेटिंग ऐप के मामले में फिल्म स्टर सोनू सूद से चल रही है ईडी की पूछताछ

## क्रिकेटर युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना से हो चुकी है पूछताछ

**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** ऑन लाइन बेटिंट ऐप के मामले में फिल्म अभिनेता सोनू सूद से ईडी पूछताछ कर रही है। इस मामले में सोनू सूद से पहले क्रिकेट युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा से भी पूछताछ की गई है। ईडी ने सुरेश रैना से भी पूछताछ की है।

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद से प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन बेटिंग ऐप मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की जा रही है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर पहुंच गए हैं। उनसे ऑनलाइन बेटिंग ऐप केस को लेकर सवाल जवाब किए जा रहे हैं। इस ऑनलाइन बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनू सूद के अलावा क्रिकेट रॉबिन उथप्पा से भी पूछताछ ही है। ईडी ने इस मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह से भी पूछताछ की है।



आपको बता दें कि सोनू सूद से पहले इस मामले को लेकर 23 सितंबर को युवराज सिंह को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था। ईडी पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में सोमवार को पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया जा चुका है। चक्रवर्ती (36) का बयान ह्यवनएक्सबेटह्व नामक एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से संबंधित मामले में पीएमएलए तहत दर्ज किया गया। बताया जाता है कि पूर्व सांसद और अभिनेत्री कुछ विज्ञापनों और वित्तीय लेन-देन के जरिए इस ऐप से जुड़ी हुई हैं।

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र /पौत्र से समस्त रिशते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे हमारा व हमारे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन–देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वह स्वम जिम्मेदार होगा हमारे व हमारे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

**प्रार्थीगण**
राजेंद्र पुत्र स्व श्री श्यामलाल एवं श्रीमती गीता पत्नी राजेन्द्र एवं श्रीमती माम कौर पत्नी स्व श्री श्यामलाल
निवासीगण 466, पटेल नगर दूसरा बौझा
जिला–गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सद्दामु व उसकी पत्नी सना परवीन से समस्त रिशते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन–देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वे स्वम जिम्मेदार होंगे मेरे व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

**प्रार्थी**
शौकत अली पुत्र श्री शेर दीन
निवासी–टोली, मोहल्ला दरी फैक्ट्री, वार्ड नंबर 47, नूर मस्जिद, मुस्तफाबाद,
लोनी, जिला–गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 ● नई दिल्ली। गुरुवार 25 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# नगर निगम कार्यकारिणी में निर्विरोध चुने गए 6 पार्षद

## प्रवीण चौधरी, गौरव सोलंकी, विनील दत्त, देवनारायण, प्रमोश यादव और अजय शर्मा के नाम की मेयर ने की घोषणा

**कार्यकारिणी चुनाव**

**बड़ी संख्या में पार्षद कार्यकारिणी चुनाव की प्रक्रिया से रहे आउट**

**गाजियाबाद, करंट क्राइमः** बुधवार को हिंदी भवन में नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव की आगे की प्रक्रिया शुरू की गई। तो नगर निगम कार्यकारिणी के लिए 6 पार्षदों ने नामांकन किया। इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया में किसी ने पत्र वापस नहीं लिया। जिसके बाद सभी को निर्विरोध चुन लिया गया। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने पार्षद प्रवीण चौधरी ,गौरव सोलंकी, विनील दत्त ,अजय शर्मा प्रमोश यादव व देवनारायण की घोषणा की गई। इसके बाद पार्षदों ने इन सभी को मुबारकबाद दी। किसी ने फूल दिए तो किसी बुके। हालांकि काफी देर तक इस बार माला वाला सीन आउट रहा।

फिर राष्ट्रगान हुआ और कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया। इससे पहले नगर निगम सदन की शुरूआत महापौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की जनता को जीएसटी की कटौती वाला अनाउंसमेंट होने पर व्यापारियों और आम जनता को राहत देने वाला फैसला बताते हुए उनका धन्यवाद दिया। तो इस दौरान दो महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए हैं । जो काफी महत्वपूर्ण बताए गए। इस दौरान पार्षदों और सदन ने भी उसका स्वागत किया।








### भाजपा की ओर से इस बार किसी ने नहीं किया अतिरिक्त आवेदन

करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी के लिए चुनाव होना था, छह पार्षदों ने पत्र लिए कुछ चेहरे मंच पर भी नजर आए लेकिन भारतीय जनता पार्टी की ओर से किसी ने अतिरिक्त पर्चे नहीं भरा, तो वही जो पार्षद बड़े-बड़े दावे कर रहे थे और चुनाव लड़ने के लिए हर हाल में आने का प्लान था, वह भी सदन की बैठक के अंदर बोल्ड होते हुए नजर आये। वहीं कई पार्षद ऐसे थे, जिनपर सभी की नजरे थी लेकिन वह कार्यकारिणी वाली इस बैठक में नजर नहीं आए।

### भाजपा के पांच और गठबंधन से आया एक पार्षद को मिली जीत



करंट क्राइम : नगर निगम की कार्यकारिणी के लिए जिन 6 पार्षदों को निर्विरोध चुना गया है, उसमें पांच पार्षद भारतीय जनता पार्टी के पैनल से हैं। तो वहीं पार्षद अजय शर्मा सपा-कांग्रेस यानी इंडी गठबंधन की ओर से निर्विरोध विजयी हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से निर्विरोध चुने जाने वाले पार्षदों में सीनियर पार्षद प्रवीण चौधरी, गौरव सोलंकी, विनील दत्त, प्रमोश यादव और देवनारायण का नाम शामिल है। तो कांग्रेस-सपा की ओर से अजय शर्मा ने बाजी मारने का काम किया है।

### गाजियाबाद में नमो उपवन और हीराबेन के नाम पर बनेंगे पार्क और ग्रीनलैंड

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी इन दिनों वृक्षारोपण के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चल रही है। तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वे जन्मदिन को लेकर सेवा पखवाड़ा भी मनाया जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने जानकारी दी है कि विजयनगर क्षेत्र में जो मिलिट्री ग्राउंड था, वहां बीते दिनों बड़ा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया था, तो वहीं सेवा पखवाड़े के तहत अब इस पार्क का नाम नमो उपवन रखा जाएगा। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित किया गया है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है, जल्द ही इस प्रस्ताव को पास माना जाए। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को याद करते हुए कहा कि जिस मां ने देश को ऐसा सेवक प्रधानमंत्री दिया है, पूरी दुनिया किसकी ताकत का आज एहसास करती है। ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के नाम पर इंदिरापुरम में एक बड़ा ग्रीनलैंड जो डेवलप किया गया था, उसका नाम हीराबेन पार्क रखा जाएगा। इस पर सभी पार्षदों ने सहमति जताते हुए महापौर के इस फैसले का स्वागत किया।

### दिवाली से पहले शुरू होंगे पार्षदों के क्षेत्र में 50-50 लाख के काम

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव की बैठक के दौरान मंच से पार्षदों से कहा है कि वह अगले 1 से 2 दिन के भीतर अपने-अपने वार्ड में होने वाले विकास कार्यों की सूची अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दें ताकि यह काम दिवाली से पहले शुरू हो जाए। इस दौरान उन्होंने मौसम और सीजन के बदलाव के बाद होने वाले वायु प्रदूषण को देखकर लगने वाले ग्रेप नियम का भी हवाला दिया है।



### माला को लेकर पार्षद भी उड़ाते रहे मजाक



करंट क्राइम : नगर निगम में कार्यकारिणी चुनाव को लेकर 1 सितंबर को जो सदन के बीच हंगामा हुआ और माला पहनने को लेकर पूरा अनुशासनहीनता वाला सीन हुआ था, उसके बाद बुधवार को हिंदी भवन के दौरान यहां का नजारा बदलाव हुआ था। माल को लेकर किनारा था लेकिन पार्षद माला प्रकरण का जिक्र करके आपस में ही हंसी मजाक कर रहे थे। तो वहीं महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक से भी बातचीत कर रहे थे।

### कई बार मंच से और पार्षदों के बीच उठी नाम वापसी की आवाज



करंट क्राइम : बुधवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में नगर निगम गाजियाबाद में कार्यकारिणी के पद को लेकर 6 पार्षदों को चुनने का कार्यक्रम था ।हालांकि यह विरोध हो गया लेकिन जैसे ही नामांकन पत्र भरने का समय पूरा हुआ इसके बाद इन पत्रों की जांच हुई, तो नाम वापसी के लिए भी कई बार मंच से नगर आयुक्त, सदन सचिव और भारतीय जनता पार्टी से लेकर अन्य पार्षदों ने आवाज उठाई की कोई अगर नाम वापस लेना चाहता है तो ले सकता है लेकिन अंत तक किसी ने नाम वापस नहीं लिया और यह पूरा कार्यकारिणी चुनाव निर्विरोध हो गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पांच और गठबंधन का एक पार्षद विजय हुआ है।

### जब पार्षद सचिन डागर ने लगा दी नामांकन पत्र भरने की आवाज



करंट क्राइम : नगर निगम में कार्यकारिणी का चुनाव था,कुछ पार्षद 11 :30 बजे से पहले पहुंच गए। तो कुछ 12 :30 बजे तक पहुंचे। इसी दौरान देरी से पहुंचे पार्षद सचिन डागर मंच पर कुछ पेपर लेकर चढ़ते हैं, पीछे से आवाज भाजपा के पार्षद लगते हैं ,तो कहते हैं कि नामांकन पत्र भरने जा रहे हैं। वह आगे बढ़े और कुछ पेपर लेकर नगर आयुक्त के पास गए, जो बताया जा रहा है इलाके की समस्या से संबंधित थे। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ,नगर आयुक्त और भारतीय जनता पार्टी के चुने हुए पार्षद काफी देर तक मुस्कुराते रहे। तो वहीं पार्षद सचिन डागर भी नीचे हंसते हुए उतरे।



### जब पार्षद शीतल देओल ने कहा पर्चा भरो प्रवीण भैया



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की ओर से कई पार्षदों ने नामांकन पत्र भरने थे। इस दौरान प्रवीण चौधरी पीछे अपनी टोली के साथ बैठे हुए थे। वह आगे नहीं बढ़ रहे थे, इसी दौरान सदन में भारतीय जनता पार्टी की ही पार्षद शीतल देओल चौधरी ने आवाज लगाई कि प्रवीण भैया पर्चा भरो हम आपकी वजह से ही आए हैं। कुछ देर बाद प्रवीण चौधरी मंच पर गए और भाजपा पार्षदों के रूप में उन्होंने अंतिम पत्र भरते हुए कार्यकारिणी चुनाव के लिए प्रक्रिया को पूरा करवाया।









# अब नजरें इस बात पर कौन बनेगा कार्यकारिणी उपाध्यक्ष

**कौन बनेगा...?**

**भाजपा का निगम कार्यकारिणी चेहरा कौन सा होगा इसको लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं**









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव बुधवार को हिंदी भवन में संपन्न हुआ। नगर निगम ने इसके लिये व्यापक तैयारी की थी। सभी पार्षद पहुंचे और नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस तरह से अब नगर निगम कार्यकारिणी में 12 सदस्य पूर्ण हो गये हैं। अब इंतजार इस बात को लेकर है और नजरें इस बात पर है कि नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष कौन बनेगा। नगर निगम में कार्यकारिणी में भाजपा का पूरा बहुमत है तो जाहिर है कि भाजपा का निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष आएगा, लेकिन ये चेहरा कौन सा होगा इसको लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### पहली कार्यकारिणी बैठक में होगा उपाध्यक्ष का चुनाव

करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी चुनाव संपन्न हुआ। ये चुनाव पहले से ही देरी से संपन्न हुआ है, इसको लेकर ये कहा जा रहा था कि जब तक कार्यकारिणी का गठन नहीं होगा तब तक बजट का पैसा खर्च नहीं हो सकता। तकनीकी पेंच भी बताया जा रहा था। बहरहाल अब नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हो गया। अब उस पद पर बिसात बिछेगी जिसे नगर निगम की भाषा में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और बोलचाल की भाषा में डिप्टी मेयर कहा जाता है। कार्यकारिणी के सदस्यों में कोई सदस्य पूर्व में डिप्टी मेयर भी रहा है और अब यही माना जा रहा है कि नगर निगम की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की जब भी पहली बैठक होगी तो इसी बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा।

### नया होगा फेस या पुरानों पर होगा फेथ

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी को देखें तो अब इसमें राजीव शर्मा, अमित त्यागी, पूनम सिंह, नरेश भाटी, नीरज गोयल और नरेश जाटव सदस्य हैं। बुधवार को इस टीम में भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी, विनील दत्त, देवनारायण शर्मा, प्रवीण चौधरी, प्रमोश यादव और कांग्रेस के अजय शर्मा भी शामिल हो गए। इसके अलावा कांग्रेस के अजय शर्मा भी कार्यकारिणी में चुने गए। सवाल यही है कि इन्हीं 12 में से एक कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुना जाना है। यहां अनुभव और एक्ट की जानकारी की बात करें तो राजीव शर्मा सबसे ऊपर आते हैं। पेशे से एडवोकेट हैं , निगम एक्ट के शानदार जानकारी हैं, निगम सदन में वक्ता के रूप में अपनी पकड़ रखते हैं। पहले भी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। ये चेहरा भाजपा के लिये एक मजबूत स्तंभ निगम के सदन में हो सकता है। नए चेहरों की बात करें तो यहां गौरव सोलंकी ने पहले ही कार्यकाल में अपनी सक्रियता से सबका ध्यान खींचा है। उनका कार्यकाल भले ही पहला है, लेकिन उन्होंने निगम एक्ट से लेकर लखनऊ के गलियारों तक अनुभव लिया है। सदन में विकास के मुद्दों को रखते हैं और ये चेहरा भी भाजपा के लिये मजबूत हो सकता है। इस चेहरे पर हैवीवेट आशीर्वाद बताया जाता है। नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाले गेम के मुख्य किरदारों में तीन का ही सीन है, जिनमें प्रवीण चौधरी भी प्रमुख्ता से स्थान बनाए हुए हैं। अनुभवी हैं। यहां पर अमित त्यागी का भी नाम आता है। बहरहाल अगली कार्यकारिणी में एजेंडा ही उपाध्यक्ष का होगा।

# इस बार नहीं हुए कार्यकारिणी चुनाव में अध्यक्ष के दीदार जीतकर पार्षद ही पहुंचे भाजपा दफ्तर पर और पहनाए हार

**जीत का जश्न**

**इस बार चुनाव का जश्न स्थल हिंदी भवन ना होकर भाजपा महानगर कार्यालय था**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव इससे पहले एक सितंबर को हुआ था और कार्यकारिणी चुनाव भाजपा तब भी जीती थी लेकिन सीन मालाओं में उलझ गया था। बधाई किसे थी, घोषणा किसे करनी थी इन सबके बीच में चुनाव निरस्त हुआ। बुधवार को जब नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव हुआ तो चुनाव स्थल यानी हिंदी भवन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष के दीदार नहीं हुए। चुनाव वाले सीन में संगठन वाला मामला पूरी तरह साइलेंट मोड पर था। ना महानगर अध्यक्ष पहुंचे ना मंडल अध्यक्ष पहुंचे और ना ही कोई महानगर टीम का सदस्य पहुंचा। सबसे खास बात ये थी कि निर्विरोध चुनाव संपन्न होने के बाद नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होने के बाद भाजपा पार्षद खुद ही भाजपा महानगर कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचकर पार्षदों ने महानगर अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और यहां सभी को पिछला सीन याद आ गया।

इस बार सीन ही उदासीन था। सुबह ग्यारह बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू होनी थी, लेकिन यहां चुनाव का डेकोरम ही पूरा नहीं था। लगभग 40 से 45 पार्षद पहुंचे थे, जिसे देखकर निगम अधिकारियों ने भी ये बात कहनी शुरू की कि जब तक 51 पार्षद नहीं होंगे तक तक कोरम पूरा नहीं होगा और चुनाव नहीं हो सकता। इसके बाद पार्षद पहुंचने लगे और फिर हिंदी भवन सभागार में थोड़ी देर में ही रौनक दिखाई देनी शुरू होने लगी। सबसे खास बात ये रही कि नगर निगम कार्यकारिणी के लिये पांच भाजपा सदस्य और एक कांग्रेस सदस्य ने नामांकन पत्र दाखिल किया।



छह सदस्य चुने जाने थे, छह ही नामांकन फार्म दाखिल हुए और इस तरह से चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। इस बार सबसे खास बात यही थी कि संगठन के नाम पर पूरा मैदान साफ था। पार्षदों के अलावा सभागार में भी कोई नहीं था और सीन ये भी रहा कि जो बुके अधिकारियों के लिये आए थे वही बुके पार्षदों ने एक-दूसरे को देकर बधाई वाले फोटो का फ्रेम पूरा किया। भाजपा पार्षद जब महानगर कार्यालय पर पहुंचे और महानगर अध्यक्ष ने उन्हें बधाई दी तो यहां नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों के साथ नवनिर्वाचित पार्षद विनील दत्त नहीं पहुंचे। ये सभी पार्षद दोपहर चार बजे महानगर कार्यालय पहुंचे थे और इस बार चुनाव का जश्न स्थल हिंदी भवन ना होकर भाजपा महानगर कार्यालय था।

# आठ कारीगर बना रहे हैं कवि नगर में 80 फुट ऊंचा रावण का पुतला

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** कवि नगर की रामलीला गाजियाबाद ही नहीं आसपास के इलाकों में खास मानी जाती है। यहां के आयोजन से लेकर मंच पर रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों की बात हो या रामलीला के मेले के दौरान लगे आकर्षक स्टॉल कवि नगर की रामलीला हर साल अलग अंदाज में नजर आते हैं। हर साल यहां के रावण दहन कार्यक्रम में हजारों की भीड़ पहुंचती है। तो रावण के पुतले और आयोजन में भी कुछ ना कुछ नया देखने को मिलता है। कवि नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और समिति के अन्य पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कवि नगर रामलीला में जो





शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# जाति आधारित दबदबा अब नहीं चलेगा


हमारे समाज में जातिगत भेदभाव से जुड़ी धारणा की जड़ें इतने गहरे तक फैली हुई हैं कि तमाम कोशिशों के बावजूद ये आज भी समूल नष्ट नहीं हो पाई है। शहरों में भले ही अब इसका असर कम होने लगा है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में हालात जस के तस बने हुए हैं। हालांकि, देश में शिक्षा के स्तर पर काफी तरक्की हुई है, मगर यह उन्नति भी अपेक्षा के अनुरूप सामाजिक सोच में बदलाव की वाहक नहीं बन पाई है। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पुलिस के दस्तावेजों में आरोपियों का जातिगत ब्योरा दर्ज नहीं करने समेत अन्य संबंधित आदेशों को जाति के आधार पर भेदभाव खत्म करने और समाज में समानता लाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राज्य सरकार ने वाहनों पर जाति-आधारित स्टिकर लगाने या नारे लिखने को भी प्रतिबंधित कर दिया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है। यानी अब अपनी जाति का प्रदर्शन कर दूसरों पर धौंस जमाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी, जो निश्चित तौर पर सराहनीय निर्णय है।

दरअसल, जातिगत भेदभाव न केवल व्यक्ति को सामाजिक और मानसिक स्तर पर चोट पहुंचाता है, बल्कि उसके आर्थिक, नैतिक और सांस्कृतिक हित भी प्रभावित होते हैं। समाज और व्यवस्था में जातिगत पूर्वाग्रह के कारण पीड़ित व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश में सरकार का यह आदेश हाल में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुपालन में लिया गया है।

सरकारी आदेश में कस्बों और गांवों में ऐसे बोर्ड या संकेतों को हटाने के लिए भी कहा गया है, जो जातिगत पहचान को इंगित करते हैं या किसी क्षेत्र को जाति विशेष से संबंधित बताते हैं। माना जाता है कि कुछ लोग समाज में अपना दबदबा बनाने के लिए इस तरह के संकेतों का इस्तेमाल करते हैं, जो वास्तव में जाति के आधार पर भेदभाव पैदा करता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में हुई पहल को देश के दूसरे इलाकों में भी उतारने की कोशिश होनी चाहिए, ताकि जाति से जुड़ी ग्रंथियों को और उसके आधार पर जारी भेदभाव को खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार
### सेंसेक्स 386 अंक टूटा, निफ्टी 25100 के नीचे




**नई दिल्ली।** विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, रुपया शुरूआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार में रुपया 88.80 तक गिर गया था, लेकिन बाद में सुधरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.67 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 386.47 अंक या 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,715.63 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 494.26 अंक या 0.60 प्रतिशत गिरकर 81,607.84 अंक पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.60 अंक या 0.45 प्रतिशत गिरकर 25,056.90 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों का हाल सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। वहीं पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और एचसीएल टेक लाभ में रहे।

### यूरोपीय बाजारों में हुई गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 67.93 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.44 प्रतिशत बढ़कर 67.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,551.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मंगलवार को सेंसेक्स 57.87 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102.10 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 32.85 अंक या 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169.50 पर बंद हुआ।

# रेलवे के 10 लाख कर्मियों को दिवाली बोनस
## बिहार के लिए 6 हजार करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी है। इससे 10.90 लाख कर्मचारियों को दिवाली से पहले उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए लाभ मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह बोनस उनके 78 दिनों के वेतन के बराबर है। हर साल दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान किया जाता है। पिछले साल मोदी सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंजूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था। एक पात्र रेल कर्मचारी को 78 दिनों के लिए अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि कई प्रकार के रेल कर्मचारियों को दी जाएगी। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोकोमोटिव पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने कहा, वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 मिलियन टन माल ढुलाई की और लगभग 7.3 बिलियन यात्रियों को ढोया।

### बिहार को 6 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं

केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2,192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के लिए लगभग छह हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।
- आकाश में यदि सूर्य कम ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष ऊंचाई पर बनता है और यदि आकाश में सूर्य अधिक ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष काफी नीचे बनता है।
- इंद्रधनुष ने प्राचीन मिथकों में योगदान दिया है। ग्रीक लोगों का मानना? था कि इंद्रधनुष ने स्वर्ग और पृथ्वी के बीच एक पुल प्रदान किया था।
- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।

## त्योहारों पर सोने की मांग स्थिर रहने की उम्मीद
### ज्वेलर्स हल्के वजन के आभूषणों पर दे रहे जोर



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की बढ़ी हुई कीमतों की वजह से खरीदार अब इससे दूर हो रहे हैं। त्योहारों के शुरूआत में ही सोने की मांग में 28 प्रतिशत गिरावट देखी जा रही है। ज्वेलर्स धनतेरस, दिवाली और भाईदूज के त्योहारों में अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए तैयारी तो कर रहे हैं, सोने की कीमतों में मामूली उतार-चढ़ाव के बावजूद मांग स्थिर या फिर सीमित रहने की संभावना के बीच अपनी रणनीति को बदल रहे हैं। इसमें हल्के वजह के गहनों को लेकर तैयारी अभी से शुरू कर दी है। ज्वेलर्स 14,18 और 22 कैरेट के गहनों पर अधिक ध्यान दे रह हैं। रिटेल ज्वेलर्स कंपनियां भी त्योहारों के लिए हल्के वजन के आभूषणों, जबकि शादी ब्याह के लिए 22 से 24 कैरेट सोने के आभूषण कलेक्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### मांग 28 प्रतिशत घटकर 50 टन रह गई

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलरी एसोसिएशन (आईबीजेए) के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता कहते हैं, रक्षाबंधन, ओणम जैसे त्योहारों पर सोने की अधिक कीमतें होने की वजह से सोने की मांग पिछले साल की तुलना में 28 प्रतिशत घटकर 50 टन रह गई है। सोने की बढ़ती हुई कीमतों ने उपभोक्ता खरीदारी को प्रभावित किया है। धनतेरस और दीवाली तक मांग बढ़ने की उम्मीद बाजार को है, ज्वेलर्स बिक्री को बढ़ाने के लिए हल्के गहनों की ओर रुख कर सकते हैं।

### हल्के वजन के आभूषणों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद

होलसेल गोल्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश बाफना कहते हैं, फिलहाल ज्वेलर्स त्योहारों के लिए स्टॉक कर रहे हैं। सोने-चांदी कीमते जिस तरह से बढ़ रही उसे देखते हुए ज्वेलर्स 14 और 18 कैरेट ज्वेलरी पर जोर दे रहे हैं। कनक ज्वेलर्स के पारस जैन बताते हैं, उपभोक्ताओं में हल्के गहनों की मांग है, जिसमें 9 कैरेट के सोने के आभूषणों मांग बढ़ी है।

## राशिफल

**मेष:** पार्टनर के साथ खुशी के पल बिताने वाले हैं। गर्लफ्रेंड के साथ रोमांटिक ट्रिप पर जा सकते हैं। आप अपने जीवन साथी को कोई अच्छा तोहफा दे सकते हैं।
**वृष:** सुंदर जीवनसाथी की मनोकामना आज पूरी होने की संभावना है। विवाह स्थलों पर एक नजर डालें। एक दोस्त भी रिश्ता ला सकता है।
**मिथुन:** पार्टनर से विवाद हो सकता है। पारिवारिक जीवन में पत्नी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। प्रेमी की आर्थिक मदद कर सकते हैं।
**कर्क:** प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। कोई पुराना दोस्त किसी रिश्ते को शादी के लिए भेज सकता है। प्रेमी से आज की मुलाकात सुखद रहेगी।
**सिंह:** पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। आप आपसी बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में सुख की दाता पत्नी होती है।
**कन्या:** पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। वे रिश्ते में गर्माहट लाने के लिए कड़ी मेहनत करने जा रहे हैं।
**तुला:** पार्टनर के साथ गलतफहमी का शिकार हो सकता है। जीवनसाथी मानसिक सुख प्रदान करने वाला है। प्रेम जीवन में कोई दखल दे सकता है।
**वृश्चिक:** शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। आज आप अपने प्रेमी से दिल की बात करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी।
**धनु:** अपने पार्टनर को ढेर सारी खुशियां देने वाले हैं। लव लाइफ के लिए नए संबंध स्थापित हो सकते हैं। आज लोग जो भी नया रिश्ता बनाते हैं, वह लंबे समय तक चलेगा।
**मकर:** आप किसी सहकर्मी की ओर आकर्षित होंगे। प्रेमी के साथ सैर-सपाटे का कार्यक्रम बन सकता है। दोस्त के साथ रोमांटिक पल बिताएंगे।
**कुंभ:** आज परिवार की जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। प्रेमी से मिलने का विचार मन में आएगा। गर्लफ्रेंड के साथ तस्वीर देखने जा सकते हैं।
**मीन:** जीवनसाथी के साथ दिन बिताएंगे। किसी महिला से कुछ लोगों की नजदीकियां बढ़ेंगी। पति-पत्नी के संबंधों में मधुरता आएगी।

## चुटकुले

चिंटू: सर बहुत बारिश हो रही है, क्या आज ऑफिस आना है?
बॉस: खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है
पत्नी से या मुझसे ?
चिंटू: ठीक है सर मैं ऑफिस आ रहा हूं...

---

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे भूख बहुत लगती है।
डॉक्टर: दिन में कितनी बार खाते हो?
मरीज: जब-जब भूख लगती है।
डॉक्टर: फिर तो तुम्हें किचन में ही बेड लगाना पड़ेगा!

---

दोस्त: भाई, तेरे पास मोटिवेशन है?
गोलू: हाँ, पूरा भरा पड़ा है।
दोस्त: कहाँ?
गोलू: स्टेटस में — काम में तो आलस ही है!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

## भाजपा से प्रवीण चौधरी, पार्षद परमोश यादव, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद विनील दत्त, पार्षद देवनारायण और कांग्रेस से पार्षद अजय शर्मा चुने गए कार्यकारिणी सदस्य

**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का चुनाव निर्विरोध तरीके से हो गया। हिंदी भवन में बुधवार को गाजियाबाद नगर निगम की सदन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर सुनीता दयाल ने की। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी उपस्थित थे। बैठक में निर्विरोत तरीके से कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का चुनाव किया गया। ये सदस्य है- भाजपा से प्रवीण चौधरी, पार्षद परमोश यादव, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद विनील दत्त, पार्षद देवनारायण और कांग्रेस से पार्षद अजय शर्मा। सभी नव निर्वाचित सदस्यों ने महापौर का आभार जताया।

बैठक की शुरूआत में महापौर सुनीता दयाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी की दरों में कमी करने पर उनका धन्यवाद जताया। प्रधानमंत्री को धन्यवाद जताने के लिए प्रस्ताव लाया गया जिसे ध्वनिमत से पास किया गया। साथ ही, एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत इंदिरापुरम एसटीपी के पास बने उपवन का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी हीराबेन के नाम पर हीराबेन उपवन रखने के प्रस्ताव को भी पास किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आयोजित सेवा पखवाड़े कार्यक्रम के अंतर्गत विजय नगर स्थित मिलिट्री ग्राउंड पर बने उपवन का नाम नमो उपवन रखने के प्रस्ताव को भी पारित किया गया।

इसके साथ सभी वार्डों में विकास की गति अधिक तेज हो सके इसलिए महापौर और नगर आयुक्त ने प्रत्येक वार्ड में 50 लाख के विकास कार्यों को कराना तय किया। जिसकी महापौर ने सदन की बैठक में घोषणा भी की।











# पुलिस के वाहनों पर सवार होकर निकली मिशन शक्ति की शेरनियां

## एसीपी वेव सिटी के नेतृत्व में निकाली गई मिशन शक्ति की रैली









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत गाज़ियाबाद में महिला सुरक्षा और जागरूकता के उद्देश्य से शक्ति ऑन व्हील्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला पुलिस अधिकारी और कर्मी पुलिस वाहनों पर सवार होकर हथियारों से लैस रैली के रूप में निकलीं और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल व वाहन पेट्रोलिंग की।

कार्यक्रम की अगुवाई एसीपी वेव सिटी, प्रियाश्री पाल ने की। उनके साथ थाना वेव सिटी एवं थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक के थाना अध्यक्ष सहित करीब 60 महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहीं।

रैली थाना वेव सिटी से शुरू होकर विभिन्न सोसाइटी, स्कूल, बाजार और पूजा पंडालों से गुजरी। महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सुरक्षा का संदेश देने के साथ-साथ पुलिस विभाग ने यह भी दोहराया कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अजय शर्मा निर्विरोध चुने गए नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य, समाजवादी पार्टी ने किया स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव की बैठक हिंदी भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकारिणी चुनाव का आयोजन किया गया, जिसमें समाजवादी पार्टी समर्थित इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजय शर्मा ने निर्विरोध जीत दर्ज की। निर्वाचित होने के बाद अजय शर्मा ने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, सभी समाजवादी पार्षदगणों आदिल मलिक, मोहम्मद कल्लन, मोहम्मद आरिफ मलिक, संजू चौधरी और फहीम चौधरी का आभार व्यक्त किया। वहीं, समाजवादी पार्टी ने अजय शर्मा का जोरदार स्वागत किया और उनके नेतृत्व में निगम में जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया।



# फास्ट फूड बनाम हेल्दी फूड पर बच्चों का संदेश, पोषण पंचायत में कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मान







**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पोषण माह 2025 के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान के तहत 24 सितंबर को तहसील मोदीनगर में पोषण पंचायत का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डा. हिमानी अग्रवाल ने की। पंचायत की शुरूआत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण से हुई। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फास्ट फूड बनाम हेल्दी फूड का प्रभावी संदेश दिया। इसी क्रम में स्वदेशी खिलौना प्रदर्शनी और हेल्दी रेसिपी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

डा. हिमानी अग्रवाल ने पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत पुरुष सहभागिता को जोड़ते हुए जागरूकता स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभार्थियों और क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मोदीनगर अजीत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शशि वार्ष्णेय, चिकित्साधिकारी डा. रवि, खंड शिक्षा अधिकारी सुमन, बाल विकास परियोजना अधिकारी भोजपुर श्रीमती स्वाती, मुख्य सेविकाएं एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

# जीएसटी सुधारों से व्यापारियों और ग्राहकों में खुशी की लहर : प्रवीण भाटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों से व्यापारियों और आम लोगों में खुशी का माहौल है। साहिबाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण भाटी ने कहा कि इन बदलावों से दोपहिया वाहन, छोटी कारें, एसी, टीवी, सीमेंट सहित कई वस्तुएं सस्ती हुई हैं, जिससे जनता को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि साबुन, टूथपेस्ट, भारतीय ब्रेड और जीवन रक्षक दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुएं अब और किफायती हो गई हैं। वहीं कृषि मशीनरी और सिंचाई उपकरणों पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% कर दिए जाने से किसानों की लागत भी कम होगी। प्रवीण भाटी ने इसे महाबचत पर्व बताते हुए कहा कि यह निर्णय जनता के लिए दिवाली का तोहफा है और इससे आम आदमी व व्यापारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# कुट्टू का आटा खाने से बीमार हुए लोगों को इलाज के बाद घर भेजा गया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तमाम प्रयासों के बाद भी मिलावटखोर बाज नहीं आ रहे है। मंगलवार रात लोनी क्षेत्र में नवरात्रि के व्रत के दौरान कुट्टू के आटे से बनी रोटियां खाने के बाद कई लोग अचानक बीमार पड़ गए। लोनी की जवाहर नगर कॉलोनी में एक साथ कई परिवारों ने कुटटू से बनी रोटियां खाई थी। रोटी खाने के कुछ देर बाद ही परिवारों के सदस्य उल्टी-दस्त होनी लगी। कमजोरी की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराए गए।

इलाज के बाद कुछ लोगों की तबीयत में सुधार होने पर उन्हें छुट्टी भी दे दी गई है। अधिकारियों ने मौके से आटे के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। खाद्य विभाग अधिकारी आशुतोष राय ने बताया कि लैब से रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पीडित सदस्य का कहना है कि पास ही की दुकान से कुटटू का आटा खरीदा गया था। सन्नी ने बताया कि व्रत के दौरान कुट्टू से बनी पकौड़ी खा ली थी, रात में पेट दर्द के साथ उल्टी शुरू हो गई। निजी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संजय शिवम ने बताया कि करीब चार से पांच मरीज अस्पताल में रहे लेकिन हालत बहुत ज्यादा खराब नहीं थी। उल्टी और पेट दर्द की शिकायत लोगों ने की तुरंत सभी को इलाज दिया गया। बीमार पड़ लोगों के स्वजन ने बताया कि कॉलोनी में एक ही किराना की दुकान से सभी ने आटा खरीदा था। बाद में दुकानदार से शिकायत की तो उसने आटा फ्रेश बताया।

## करोडों खर्च कर घर खरीदा लेकिन तीन दिन से पानी नहीं मिला

### यह है आदित्य मेगा सिटी का हाल, रेजिडेंट्स उतरे सड़कों पर

**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** तीन दिन से अगर किसी सोसाइटी में पानी नहीं आ रहा हो तो वहां रहने वालों का क्या हाल होगा, इसका एहसास न तो बिल्डर को है और ना ही नगर निगम को। जी हां, वेब सिटी के आदित्य वर्ल्ड सिटी में पिछले तीन दिनों से पानी नहीं आ रहा है। जबकि यहां के लोगों ने करोडों खर्च कर अपना आशियाना लिया है। पानी नहीं आने से गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों का कहना है कि पिछले तीने दिनों से सोसाइटी का पंप खराब पड़ा है।



शिकायत करने पर कहा जा रहा है कि अभी ठीक होगा। ऐसा कह कर तीन दिन बीत गए लेकिन पंप को ठीक नहीं किया गया। पंप के खराब होने के बाद उसकी जगह पर वैकल्पिक व्यवस्था तक नहीं की गई। लोगों का कहना है कि पानी नहीं होने से दिनचर्या कैसे कटती है, इसे ना तो बिल्डर समझ सकते हैं और ना ही नगर निगम या सरकार की एजेंसियां। पानी नहीं होने से लोगों को कष्टभरे दिन बिताने पड रहे है। जब बिल्डर की ओर से कुछ नहीं किया गया तो रेजिडेंट्स ने खुद ही टैंकर मंगाया। बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि वे जिलाधिकारी से मिलकर बिल्डर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे।

# नवरात्रि का उद्देश्य है बुराई पर अच्छाई की जीत और आध्यात्मिक शुद्धिः आचार्य मनीष पंडित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आचार्य मनीष पंडित ने नवरात्रि के महत्व को समझाते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य देवी दुर्गा की शक्ति की आराधना करके बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाना है। वे हिंडन मोक्ष धाम के प्रबंधक और श्री राम चंद्र सीता देवी हरनंदी सेवा संस्थान के अध्यक्ष भी हैं।



उन्होंने बताया कि यह नौ रातों का एक ऐसा समय है जब भक्त देवी के नौ रूपों की पूजा करते हैं, प्रकृति के साथ अपनी चेतना को जोड़ते हैं, और मानसिक व आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करते हैं। नवरात्रि का सबसे प्रमुख उद्देश्य देवी दुर्गा के महिषासुर जैसे राक्षसों पर विजय की याद दिलाना और उससे प्रेरित होकर बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाना है।

पंडित के अनुसार, इन नौ दिनों में भक्त शरीर, मन और बुद्धि को शुद्ध करने के लिए व्रत रखते हैं, जिससे आंतरिक शक्ति का जागरण होता है और व्यक्ति ऊजार्वान महसूस करता है। यह पर्व देवी मां के नौ रूपों को समर्पित है, जिनसे विभिन्न प्रकार की शक्तियों, ज्ञान और प्रचुरता की प्राप्ति होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि नवरात्रि एक आध्यात्मिक यात्रा का प्रतीक है जो भक्त को आत्म-ज्ञान और आंतरिक परिवर्तन की ओर ले जाती है। यह पर्व प्रकृति के साथ चेतना के जुड़ाव का उत्सव है, जहां तीन मूल गुणों–तमस (जड़ता), रजस (क्रियाशीलता), और सत्व (पवित्रता)–के अनुसार देवी की पूजा की जाती है।

नवरात्रि के अंत में विजयदशमी पर काम, क्रोध, मद, लोभ जैसी आंतरिक राक्षसी प्रवृत्तियों को खत्म कर विजय का उत्सव मनाया जाता है। पंडित ने बताया कि नवरात्रि यानी दिव्य नौ रातें, गहरे विश्राम और शरीर तथा मन को फिर से ऊजार्वान बनाने का सबसे अच्छा समय होता है। इसमें प्रत्येक दिन देवी मां के नौ रूपों में से एक रूप को समर्पित किया जाता है।

# वैशाली इलाके में चल रहा था नकली घी का काला कारोबार, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** मिलावट खोरी करने वाले त्योहार सीजन में भी बाज नहीं आ रहे हैं। मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में वो लोगों की सेहत और जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कौशाम्बी थाना क्षेत्र की वैशाली इलाके में पुलिस और फूड एंड सेफ्टी विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली घी बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली घी बरामद किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम दवेंद्र अग्रवाल (38 वर्ष) और भरत अग्रवाल (40 वर्ष) हैं, जो सेक्टर-02बी वैशाली के रहने वाले हैं।



दोनों अपने घर से ही मशहूर ब्रांड मधुसूदन देशी घी के नाम पर नकली घी तैयार कर बेच रहे थे।

## भारी मात्रा में बरामद हुआ नकली घी और सामान

**करंट क्राइम :** छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 70 पैकेट (900 एमएल वाले) और 5 ड्रम (कुल 133 किलो) नकली घी जब्त किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से नकली घी बनाकर बाजार में सस्ते दामों पर बेच रहे थे और लोगों को गुमराह कर मोटा मुनाफा कमा रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 274, 275 बीएनएस और कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही दोनों के पुराने आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# लोनी पुलिस ने अवैध पटाखों का जखीरा पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** त्योहारों से पहले लोनी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने छापेमारी कर अवैध रूप से पटाखे बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और पटाखे बनाने का सामान बरामद हुआ है।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने चौकी क्षेत्र में एक ट्यूबवेल के पास छापा मारा। यहां से पुलिस ने दो लोगों को दबोच लिया, जो चोरी-छुपे पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक व पटाखा बनाने की सामग्री जब्त की गई।

रजनीश निवासी ग्राम गनौली, थाना लोनी, उम्र करीब 38 वर्ष व शहजाद निवासी ग्राम असालतपुर, थाना टीलामोड़, उम्र करीब 39 वर्ष को पकड़ा है। गिरफ्तार तीसरे आरोपी यामीन के बारे में पुलिस ने जांच जारी रखी है। पुलिस ने इनसे 04 बोरे ब्लास्टिक पीला कॉटन,01 बोरा सफेद पाउडर कॉटन, 12 बोरे पटाखा बनाने की नलकी मिली है।

## पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा

**करंट क्राइम।** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी-छुपे पटाखे तैयार कर उन्हें त्योहारों और शादियों में बेचने की योजना बना रहे थे, ताकि अवैध तरीके से कमाई की जा सके।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना लोनी में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसमें धारा 288/125 बीएनएस,धारा 9बी(1) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। साथ ही आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एआई और मशीन लर्निंग पर कार्यशाला का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 24 सितंबर 2025 को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बी.टेक इंजीनियरिंग के छात्रों को उद्योग के विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया।

इस कार्यशाला में इंडस्ट्री के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनू प्रकाश और डेटा वैज्ञानिक अमन कुमार ने छात्रों को एआई और एमएल की बारीकियों से परिचित कराया। छात्रों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसकी सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन का अनुरोध किया।






### क्यों है एआई और एमएल जरूरी?

डेटा वैज्ञानिक अमन कुमार ने छात्रों को बताया कि मशीन लर्निंग एआई का ही एक हिस्सा है। यह एक ऐसा तरीका है जिससे सिस्टम बिना किसी स्पष्ट प्रोग्रामिंग के डेटा से सीख सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये तकनीकें छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये उनकी समस्या-समाधान क्षमता को बढ़ाती हैं, नवाचार को बढ़ावा देती हैं और उन्हें भविष्य के रोजगार के लिए तैयार करती हैं।

छात्र एआई और एमएल का उपयोग करके अपनी विश्लेषणात्मक क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, वे कार्यों को स्वचालित करने और विभिन्न उद्योगों के लिए इंटेलिजेंट सिस्टम बनाने में भी सक्षम होंगे। अमन कुमार ने बताया कि एआई और एमएल को समझने से डेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में करियर के नए रास्ते खुलते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पेशेवरों और वेब डेवलपमेंट में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए भी खुला था।

इस अवसर पर सुंदर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर प्रसेंनजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) बृजेन्द्र सिंह, निदेशक इंजीनियरिंग प्रोफेसर मोनिका सेंगर और डॉ. कमलेश कुमार गौतम समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लोक कल्याण मेले में पीएम स्वनिधि व अन्य योजनाओं की दी जा रही जानकारी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शासन के निदेर्शानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले में 16 दिवसीय विशेष अभियान लोक कल्याण मेला आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को आवेदन कराने, द्वितीय एवं तृतीय ऋण के निस्तारण में सहायता प्रदान की जा रही है।

मेले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा फूड वेण्डर्स की ट्रेनिंग भी कराई जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 से संबंधित जानकारी और आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण ने बताया कि इस आयोजन में नगर निकायों के अंतर्गत आने वाले पथ विक्रेताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के माध्यम से लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जुड़ने और उनका लाभ लेने के अवसर मिल रहे हैं।

# आदित्य कश्यप के जन्मदिन पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन



गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप के सुपौत्र मास्टर आदित्य कश्यप के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। राज नगर एक्सटेंशन में आयोजित जन्मदिन समारोह में आदित्य कश्यप को आशीर्वाद देने के लिए समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोग पहुंचे। कश्यप परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




## किस विधायक के नाम पर किस जनप्रतिनिधि ने कर दिया आने से इंकार

फूल वालों के मौहल्ले में लहजों के शूल चल रहे हैं कमाल ये है कि निशाना कोई और नहीं आपस में ही एक दूसरे पर साध रहे हैं। वैसे तो भगवागढ़ में साहब की रवानगी के बाद भी एक दूसरे की काट करने की दिवानगी वैसी ही है। सरकार नहीं बदली है बस किरदार बदले हैं। किस्सा अब फिर से चीफ गेस्ट को लेकर सामने आया है। बताने वाले ने कहा कि वैसे तो मामला ऑफ द रिकार्ड है लेकिन आप ये समझ लो कि सीन दोनों तरफ से हार्ड है। बिरादरी वाले अपनी जीत का जश्न मना रहे थे और वो जीत वाले जश्न में बिरादरी के ही विधायक को बुलाना चाहते थे। बिरादरी वाले विधायक सहयोगी दल के पड़ोसी जिले से विधायक हैं। बताते हैं कि भतीजा चाहता था कि जब वो शपथ लें तो चाचा चीफ गेस्ट के रूप में रहे। मगर यहां कहानी में स्टॉप लग गया जब विधायक का नाम आते ही एक जनप्रतिनिधि में साफ शर्त रख दी कि अगर उन्हें बुलाया तो फिर हम बिल्कुल नहीं आयेंगे। बताने वाले तो यहां तक बता रहे हैं कि उस जनप्रतिनिधि ने तो येभी शर्त रख दी थी कि कोई और विधायक, एमएलसी या सांसद भी नहीं आना चाहिए। ये शर्त इतनी कड़ी थी कि दो बार प्रोग्राम कैंसिल हुआ और फिर जब शर्त मान ली गई तब उसी के बाद जनप्रतिनिधि ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

## मंडल अध्यक्ष हैं परेशान आखिर वो क्यों ले रही है मेरे वार्ड में इतना इंटरेस्ट

पहले तो वो सिम्पली देवतुल्य थे और उन्होंने पूरी परीक्रमा की और विधायक जी को खुश कर दिया। विधायक जी प्रसन्न हुए और तथास्तु के अंदाज में उन्हें मंडल वाला ताज दे दिया। लेकिन अब नई खाज ये है कि मंडल वाले ताज से उनका गुजारा नहीं हो रहा है। मंडल की प्रधानी हाथ में हैं लेकिन मौहल्ले की प्रधानी का सपना वो चुनाव लड़कर पूरा करना चाहते हैं। राह में सबसे बड़ी बाधा कोई और नहीं बल्कि अपने ही दल की देवतुलनियां हैं। एक पहले वार्ड की पार्षद रह चुकी है और दूसरी है तो दूसरे वार्ड की पार्षद मगर पता नहीं मंडल प्रधान जी के वार्ड में क्यों इतना इंटरेस्ट ले रहीं हैं। सुना है मंडल प्रधान इस बात से बेहद परेशान हैं और उनकी समझ में नहीं आ रहा कि आखिर इस भागदौड़ पर कैसे कंट्रोल करूं। क्योंकि विकास का काम है तो कोई भी करा सकता है और बड़ी बात ये है कि अगर मंडल प्रधान की चल रही होती तो जनता दूसरे वार्ड की मैम्बर से ना कह रहे होते। फिलहाल मंडल अध्यक्ष काफी परेशान चल रहे हैं।

## जब चौपले पर पहुंचा मां सीता का डोला तो क्यों मचा उस बात का रोला

पुराने शहर में मां सीता विदा तो हुई मगर इस बार अंदाज थोड़ा जुदा था। लकड़ी की पालकी में मां सीता और पालकी रखी गई ट्रोले पर। ट्रोले को रस्से से खींच रहे थे रामलीला वाले और पूरी फीलिंग जगन्नाथ रथ यात्रा वाली ली जा रही थी। बताते हैं कि जब जनक सुता का डोला चौपला पर पहुंचा तो यहां स्वागत वालों ने भी हद कर दी। आस्था बहुत ही अच्छी चीज है मगर ये भी बात ठीक नहीं है कि राम वाले उन्हें समय का वास्ता देते रहें और चौपले वाले भी अड़ कर खड़े हो गये। आवाज तो यही सुनाई दे रही है कि अगर वो एक घंटे तक डोला ना रोकते तो कार्यक्रम और अधिक सुचारू रूप से चल सकता था। राम वाले ही बता रहे हैं कि उन्हें सहयोग करना चाहिए था। वहीं चौपले वालों की तरफ से भी ये आवाज आ रही है कि भावनाएं तो हमारी भी उतनी ही हैं जितनी चौक वालों की हैं। हमने भी तो अपने लोग बुलाये थे और हमने भी तो मां सीता के स्वागत की तैयारी की थी। अब थोड़ी बहुत देर तो हो ही जाती है और वैसे भी ऐसे आयोजन कभी घड़ी देखकर नहीं किये जाते हैं। भव्यता अगर उधर थी तो परम्परा इधर थी। हम भी तो इस रामलीला के साथ जन्म से जुड़े हैं और हमारे भी कुछ अधिकार हैं।

## वसुंधरा सेक्टर एक रामलीला में राम जन्म, मारीच वध और ताङका वध का भावपूर्ण मंचन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 1 स्थित श्री हरि रामलीला ट्रस्ट की ओर से आयोजित रामलीला के तीसरे दिन राम जन्म, सीता जन्म, मारीच वध, ताड़का वध आदि लीलाओं का मंचन हुआ। मीडिया प्रभारी कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि राम लक्ष्मण द्वारा तड़का वध के समय रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य तरीके से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली के कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को भावपूर्ण तरीके से मंचन किया जा रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन टिंकू चौधरी, संजीव चमोली, शैलेन्द्र सिंह प्रेमपाल मान, आशुतोष कपिलाश्रमि, नवदीप तंवर, आर पी घिल्डियाल, रवि राणा, जितेंद्र यादव, आदि मुख्यरूप से उपस्थित रहे।




## महिला अपराध रोकने पर भी बनना चाहिए प्लान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी से लेकर नदिया पार और देहात वाले जोन में मिशन शक्ति के नाम पर फोटो और शक्ति वाला प्रदर्शन हो रहा है। पर सवाल यही उठ रहा है कि 9 दिनों के बाद क्या इस मिशन शक्ति अभियान का असर फायदा और जोर जनता पर नजर आएगा या फिर पहले की तरह सब सिमट जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि अधिकांश थानों में चलने वाली महिला हेल्प डेस्क केवल पर्ची काटने तक सीमित रह गई है। इसके अलावा यह भी पता चला है की पर्ची काटने के बाद जो कार्रवाई वाला रेशों है, वह भी कोई बहुत बेहतर नहीं है। पर्ची उन्हीं मामलों में काटी जाती है, जिसमें समझौते वाली स्थिति है। वैसे जिस तरीके से सिटी से लेकर देहात तक महिला एसीपी स्तर की अधिकारियों द्वारा मिशन शक्ति का बिगुल बजाया जा रहा है, उसकी चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। पर सवाल यह हो रहा है कि महिला अपराध रोकने और सख्ती से पालन करने के लिए क्या उपाय किए जाएंगे। चाहे वह साहब वाला दफतर हो या अलग-अलग डीसीपी साहब लोगों का ठिकाना। महिला अपराध और उनके साथ होने वाले मामलों की पिंक पर्ची सारी दांस्ता बताती है कि उनको कितना परेशान होना पड़ रहा है। मिशन शक्ति अभियान के तहत जहां गाजियाबाद की लेडी ब्रिगेड ने हाफ वाला एनकाउंटर किया है। तो वहीं खुले वाहनों



पर हथियारों के साथ लेस सुरक्षा के घेरे में अधिकारी महिलाओं को बराबरी का संदेश देने का काम कर रहे हैं, पर सवाल यह उठ रहा है कि रात में पुलिस के उन कार्यस्थलों पर भी गिनती की ही महिलाएं मिलती हैं, जहां उनकी संख्या को 33% किए जाने के आदेश और दावे होते हैं। तो वही अभी भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रैफिक वाले मैनेजमेंट को संभालने के लिए सड़कों पर पुरुष ब्रिगेड ही नजर आ रही है। गाजियाबाद ट्रैफिक में संचालन और कंट्रोल में महिला फेस कब नजर आएंगे, यह भी बड़ा सवाल है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में रामलीला के मंच और मेले में महिला ब्रिगेड की अलग-अलग तस्वीरें मिशन शक्ति 5.0 को ताकत प्रदान करने वाली जारी होने का प्लान बन रहा है। वही अभी तक एक महिला अधिकारी जिनकी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पोस्टिंग हुई थी, वह कहां आएंगी और उनको क्या दिया जाएगा, यह अभी देखना शेष है। कुल मिलाकर जिस तरीके से मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण का डंका कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बज रहा है, उसके परिणाम सकारात्मक होने के संकेत मिल रहे हैं।

# यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी ने पोषण माह मनाया, पोषण जागरूकता को दी नई दिशा





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी ने पोषण माह को उत्साहपूर्वक मनाते हुए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए कई सार्थक गतिविधियों का आयोजन किया।

कार्यक्रम की मुख्य झलकियों में हेल्दी कुकिंग प्रतियोगिता शामिल रही, जिसमें प्रतिभागियों ने पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन शुभांग अरोड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने किया। साथ ही, जानकारीपूर्ण गतिविधियों और एक पोषण जागरूकता वीडियो के माध्यम से विशेषज्ञों ने संतुलित आहार और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

पुरस्कार वितरण करते हुए अरोड़ा ने कहा, पोषण माह जैसे आयोजन हमें सही खानपान की ओर प्रेरित करते हैं और समाज में स्वास्थ्य एवं वेलनेस की संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं। इस पहल ने संतुलित आहार के महत्व को उजागर किया और समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# नवयुग मार्केट में सीता विवाह की विदाई

## - भावुक पलों ने किया सभी को द्रवित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की नवयुग मार्केट, दुर्गा भाभी चौक मंगलवार की शाम सीता विवाह की विदाई के पावन और भावुक समारोह की गवाह बनी। चारों ओर भक्ति और उल्लास का वातावरण था, तो दूसरी ओर विदाई की घड़ी आते ही लोगों की आंखें नम हो गईं। आकर्षक मंच सज्जा, मोहक झांकियां, भव्य जनकपुरी और भक्तिमय भजन संध्या ने ऐसा दृश्य रचा कि पूरा मैदान मानो अयोध्या और मिथिला की पौराणिक गाथा में बदल गया।

घंटियों की गूंज, मंत्रोच्चार की ध्वनि और दीपों की रोशनी के बीच जब सीता जी की डोली उठी, तो पूरा पंडाल भावनाओं से भर उठा। विदाई का यह क्षण इतना मार्मिक था कि वहां मौजूद हर दर्शक की आंखें नम हो गईं। स्वयं पार्षद राजीव शर्मा भी भावुक होकर अश्रुपूरित हो उठे।

### राजा जनक बने अतुल गर्ग

करंट क्राइम। इस भव्य आयोजन में राजा जनक की भूमिका में सांसद अतुल गर्ग विराजमान हुए। सीता जी के भाइयों की भूमिकाएं विधायक संजीव शर्मा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने निभाईं। मंचन और साज-सज्जा इतनी मोहक रही कि दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

### विदाई का भावुक क्षण

करंट क्राइम। आरती और भजनों के बीच जब सीता जी की विदाई की रस्म निभाई गई, तो पूरा माहौल आंसुओं से भर गया। यह क्षण गाजियाबाद की सांस्कृतिक स्मृतियों में लंबे समय तक यादगार रहेगा।



### भव्य जनकपुरी और भजन संध्या

करंट क्राइम। आयोजन में भक्तिमय भजन संध्या, आकर्षक जनकपुरी सजावट, प्रसाद और भोजन की विशेष व्यवस्था ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। विदाई का यह अनोखा आयोजन गाजियाबाद में परंपरा का नया आयाम जोड़ गया।

### राजीव शर्मा ने किया आभार व्यक्त

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में जिन-जिन लोगों का योगदान रहा, मैं सबका हृदय से आभारी हूँ। सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रेम व समर्थन ने इस परंपरा को और भव्य बना दिया। नवयुग मार्केट की यह जनकपुरी अब हर वर्ष नई मिसाल कायम करेगी।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मंत्री संदीप चौधरी ने अपने जन्मदिन पर सभी का आभार व्यक्त किया। संदीप चौधरी ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और उन्होंने आभार कि इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजियाबाद पुलिस ने आयोजित किया 'वादी संवाद दिवस', 360 वादियों ने की सहभागिता








**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद क्षेत्र के सभी थानों पर वादी संवाद दिवस का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पीड़ितों (वादियों) और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा शीघ्र न्याय दिलाने की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम के दौरान नगर, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 360 वादी थानों पर पहुंचे। इनमें से 163 महिला वादियों ने विशेष रूप से सहभागिता की और अपने प्रकरणों की विवेचना की वर्तमान स्थिति व प्रगति की जानकारी प्राप्त की। संवाद के दौरान संबंधित विवेचकों ने सभी प्रश्नों का तथ्यात्मक और संतोषजनक उत्तर देकर पीड़ितों को आश्वस्त किया।

इस अवसर पर संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त भी मौजूद रहे। उन्होंने वादियों से कहा कि पुलिस प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य नागरिकों को सुरक्षित, संवेदनशील और उत्तरदायी सेवा प्रदान करना है। वादी संवाद दिवस उत्तर प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति 5.0 योजना से भी जुड़ा है, जिसके तहत विशेष रूप से महिला वादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जा रहा है। पुलिस आयुक्त गाज़ियाबाद जे रविंदर गौड ने बताया कि यह कार्यक्रम पुलिस और जनता के बीच आपसी सहयोग व विश्वास को और मजबूत करेगा। भविष्य में भी इसी तरह की पहलें जारी रहेंगी ताकि प्रत्येक वादी को समय पर सही जानकारी और न्याय प्रक्रिया पर भरोसा मिल सके।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी कमिश्नर संग की बैठक

### - बैठक में जीएसटी की घटी दरों के लाभ को आम जनता तक पहुंचाने के लिए हुआ मंथन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को आरडीसी स्थित कृष्णा सागर रेस्टोरेंट में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जीएसटी के ग्रेड-वन कमिश्नर मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जीएसटी की कम हुई दरों के लाभ को आम जनता तक पहुँचाना रहा। व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने कमिश्नर के सामने अपने सुझाव और विचार रखे। बैठक का संचालन देवेंद्र हितकारी ने किया।

लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन ने कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है और इससे लोगों की खरीदारी की क्षमता बढ़ेगी। वहीं समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और सरकार ने जनता से किए गए वादे पूरे किए हैं। जीएसटी कमिश्नर मानवेंद्र सिंह ने भरोसा दिलाया कि सरकार और अधिकारी सदैव व्यापारी वर्ग के साथ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि अब नए पंजीकरण 24 घंटे में पूरे किए जा रहे हैं और किसी भी व्यापारी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। बैठक में जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर जीत सिंह, व्यापारी नेता देवेंद्र हितकारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा, बाल किशन बालू, सुभाष गुप्ता, सौरभ जयसवाल, मनवीर नागर सहित अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे।

### अर्थव्यवस्था और जनता को सीधी राहत : संजीव गुप्ता

मोदी जी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। जीएसटी दरों में कमी आम उपभोक्ता से लेकर उद्योग जगत तक सभी के लिए राहत है। इससे कारोबार बढ़ेगा और आम लोगों की जेब पर भी बोझ कम होगा। सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करके जनता का विश्वास और बढ़ाया है।

### छोटे व्यापारियों और ग्राहकों को बड़ा फायदा : अनिल अग्रवाल साँवरिया

जीएसटी में हाल के बदलाव खासकर छोटे व्यापारियों और ग्राहकों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। अब आम उपभोक्ता कम दाम पर जरूरी सामान खरीद पाएंगे और बाजार में रौनक लौटेगी। इस फैसले से व्यापारी वर्ग में उत्साह है और विश्वास जगा है कि सरकार उनकी भलाई के लिए लगातार काम कर रही है।

### खरीद क्षमता बढ़ेगी, मांग में आएगी तेजी : अतुल जैन

सरकार का यह कदम बेहद सराहनीय है। जीएसटी दरें घटने से उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता बढ़ेगी और बाजार में मांग भी तेज होगी। इससे व्यापारी वर्ग को मजबूती मिलेगी और अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। निश्चित तौर पर इस तरह के फैसले व्यापार जगत के लिए प्रेरक साबित होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने दिया जीएसटी छूट का दीपावली तोहफा : विधायक संजीव शर्मा




**गाज़ियाबाद , करंट क्राइम।** जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा का व्यापारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी छूट के रूप में देशवासियों को ऐसा अनमोल दीपावली तोहफा दिया है, जिससे मजदूर, किसान, गृहणी, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को राहत मिली है। उन्होंने बताया कि अब रोजमर्रा की वस्तुएं या तो टैक्स-फ्री हैं या उन पर नाममात्र का टैक्स रह गया है।

इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने नया गंज और अनाज मंडी के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जाकर जीएसटी छूट स्टिकर लगाते हुए व्यापारियों से जनसंपर्क भी किया।

बैठक में संदीप बंसल, दीपक गर्ग, संजय गुप्ता, राजेश बंसल, राजेंद्र राजू, श्रीपाल यादव, प्रवीण शर्मा, चेतन शर्मा, अनिल गुप्ता, रोहित गौतम, नरेश ठाकुर, अमित दुष्यंत गुप्ता, मूलचंद गर्ग, मुकेश प्रजापति, राहुल कंसल, मोहित गर्ग, दिनेश सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# जाम से राहत के लिए राजनगर एक्सटेंशन की सड़कों पर तेजी से काम होगा : अतुल वत्स



**गाजियाबाद` करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की जाम और टूटी सड़कों से जूझ रही आबादी को जल्द राहत मिलने वाली है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए कि निर्माण में तेजी लाई जाए और अड़चनें तुरंत दूर हों।

बंधा रोड से नूर नगर और रिवर हाइट्स से नूर नगर तक सड़कों पर मिट्टी भराई और सीवर लाइन का काम शुरू हो चुका है। वहीं सिकरोड़ से मेरठ रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का शेष हिस्सा विधायक के हाथों शुभारंभ कराया गया है।

अतुल वत्स ने कहा कि हम-तुम रोड का चौड़ीकरण भूमि मिलते ही शुरू होगा, जबकि आउटर रिंग रोड को 45 मीटर से बढ़ाकर 60 मीटर करने का सर्वे पूरा हो चुका है। अग्रवाल हाइट से भट्ठा नंबर-5 और श्रीराम हाइट से भट्ठा नंबर-5 तक नई सड़कें भी प्राथमिकता पर हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रोजेक्ट तय समय में पूरे होंगे और इनके पूरा होते ही क्षेत्र की बड़ी आबादी को जाम से मुक्ति मिलेगी।

# मिशन शक्ति 5.0: आज गाजियाबाद में छात्राएँ संभालेंगी थानों की कमान, करेंगी जनसुनवाई और सुरक्षा समीक्षा




### आज होगा कार्यक्रमों का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में गुरुवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कवि नगर से लेकर इंदिरापुरम, मसूरी और क्रॉसिंग रिपब्लिक तक के थानों की कमान छात्राओं के हाथों में सौंपी जाएगी। प्रदेश सरकार और पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसके तहत सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक थाने की कुर्सी पर छात्राएँ बैठकर थाना अध्यक्ष (कोतवाल) की भूमिका निभाएँगी और जनता से सीधे संवाद करेंगी।

करंट क्राइम। जनसुनवाई के दौरान आम लोगों की समस्याएँ छात्राएँ सुनेंगी और उनका निस्तारण करने का प्रयास करेंगी। थाना क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों से महिला सुरक्षा पर चर्चा कर उनके सुझाव लिए जाएँगे। एंटी-रोमियो स्क्वॉड की चेकिंग की जाएगीऔर थाने के पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएँ भी जानी जाएँगी। कार्यकाल के दौरान मिले अनुभव और सुझाव को छात्राएँ मीडिया से साझा करेंगी।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों से बालिकाओं और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा। समाज में यह संदेश जाएगा कि महिला शक्ति न केवल अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक है बल्कि अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभा सकती है।

### महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि इस तरह की पहल से जहाँ छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली समझने का मौका मिलेगा, वहीं समाज में महिलाओं और बालिकाओं के आत्मविश्वास को भी नई दिशा मिलेगी। अभियान का उद्देश्य है महिला अपराध पर अंकुश लगाना, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करना।

# गंगा दर्शन और अयोध्या आगमन का भावपूर्ण मंचन




**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर-7 स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति (रजि.) द्वारा आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव 2025 के पाँचवें दिन बुधवार की संध्या को गंगा दर्शन और अयोध्या आगमन के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। पूरा वातावरण भक्तिभाव, उल्लास और दिव्यता से सराबोर हो उठा।

मंचन की शुरूआत गंगा दर्शन प्रसंग से हुई। जब भगवान राम, लक्ष्मण और विश्वामित्र मुनि गंगा तट पर पहुँचे तो पूरा पंडाल गंगा मैया के जयघोष से गूंज उठा। कलाकारों द्वारा गंगा आरती और पावन जल की महिमा का अद्भुत चित्रण कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया गया। इसके पश्चात अयोध्या आगमन का मंचन हुआ। भगवान राम और लक्ष्मण मुनि विश्वामित्र के साथ नगर में प्रवेश करते हैं। उनकी मयार्दा, विनम्रता और वीरता का सजीव चित्रण दर्शकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा।

संध्या के मंचन में मंच सज्जा, ध्वनि, प्रकाश और कलाकारों की अभिव्यक्ति ने ऐसा अनुभव कराया मानो त्रेता युग के दिव्य प्रसंग प्रत्यक्ष साकार हो रहे हों। समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि रामलीला महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो समाज को धर्म, सत्य और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, बीना सेंगर, महासचिव मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, कोषाध्यक्ष मनीष भारद्वाज, बृजमोहन मिश्रा, मोहन सिंह राणा, संजीव भारद्वाज, अश्विनी कौशिक, मीडिया प्रभारी अमित किशोर, नितिन यादव, परामर्शदाता सुरेन्द्र भारद्वाज, गिरीश शर्मा, पंचम चौधरी, देवेंद्र शर्मा, जीतेन्द्र गौड़, एम जी विनोद, सोनू कल्याणी सहित पूरी कार्यकारिणी के सक्रिय सहयोग की सराहना की गई।

वहीं, कल बृहस्पतिवार (छठे दिन) जनक प्रतिज्ञा, धनुषयज्ञ और सीता स्वयंवर के भव्य प्रसंगों का मंचन होगा। रामलीला महोत्सव प्रतिदिन शाम 7:30 बजे वसुंधरा सेक्टर-7 स्थित रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है और यह 3 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।

# एनसीआरटीसी ने साइबर सिक्योरिटी इनोवेशन के लिए ई-गवर्नेंस 2025 के राष्ट्रीय पुरस्कारों में जीता स्वर्ण पदक





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रैपिड ट्रेन को संचालित करने वाले कंपनी एनसीआरटीसी को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित ई-गवर्नेंस 2025 राष्ट्रीय पुरस्कारों में स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित 28वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के दौरान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने पुरुस्कार एवं 10 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की।

एनसीआरटीसी को यह सम्मान साइबर सुरक्षा में सर्वश्रेष्ठ ई-गवर्नेंस अभ्यास/ साइबर सिक्योरिटी में नवाचार (बेस्ट ई-गवर्नेंस प्रैक्टिसेज/इनोवेशन इन साइबर सिक्योरिटी) श्रेणी में मिला है।

प्रवक्ता पुनीत वत्स ने कहा कि एनसीआरटीसी को यह सम्मान नमो भारत परियोजना में साइबर और डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के अग्रणीय प्रयास के लिए प्रदान किया गया है।

यात्रियों को केंद्र में रखते हुए, एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ के बीच भारत का पहला रीजनल रेल कॉरिडोर लागू करते समय कई नई तकनीकों को अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सार्वजनिक परिवहन का एक नया मानक स्थापित करने के लिए एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जहाँ अत्याधुनिक तकनीक, मजबूत साइबर सुरक्षा और विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचा एक साथ मिलकर यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और भरोसेमंद यात्रा प्रदान करते हैं, साथ ही यह भविष्य में सुरक्षित और सहज क्षेत्रीय गतिशीलता के लिए मजबूत आधार तैयार करती है।

# राज नगर रामलीला में प्रभु श्री राम के लक्ष्मण और माता सीता के साथ वन गमन और केवट संवाद का भावपूर्ण मंचन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर श्री रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में अयोध्या नगरी में चारों राजकुमारों के विवाह के बाद चारों ओर खुशियां बरस रहीं हैं। राजा दशरथ ऐसे माहौल में राम के राज्याभिषेक की घोषणा करके खुद संन्यास लेने का मन बना रहे हैं। ऐसे में रानी कैकेयी की दासी मंथरा उनके कान भरती हैं और वह कोप भवन में जाकर लेट जाती हैं। जब राजा दशरथ को इसकी सूचना मिलती हैं तो रानी कैकेयी से वातार्लाप करने के लिए कोप भवन पहुंचतें हैं और उन्हें मनाने की कोशिश करते हैं। तब रानी कैकेयी उन्हें याद दिलाती हैं कि युद्ध के दौरान राजा दशरथ ने उन्हें दो वरदान देने को कहा था। राजा दशरथ द्वारा वरदान मांगनें के लिए कहने पर पर वह राम के लिए 14 वर्षो का वनवास और अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी मांगती हैं। राजा दशरथ फिर उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं लेकिन रानी कैकेयी अपनी मांग पर अड़ी रहती हैं। जिसके कारण राजा दशरथ की हालत चिंताजनक हो जाती हैं। जब कौशल्या नंदन राम को माता कैकेयी की मांग का पता चलता हैं तो वह राजसी वस्त्र उतार कर वन गमन के लिए तैयार हो जाते हैं। उनके साथ सीता जी तथा लक्ष्मण भी वन जाने को तैयार हो जाते हैं।

भगवान श्री राम अपने पिता के वचनों का पालन करने के लिए राजसी वस्त्र उतार कर वन की ओर प्रस्थान कर चुके हैं। सभी के समझाने पर राम नहीं मानते हैं। उनके पीछे पीछे सारे अयोध्यावासी भी रोते बिलखते चल रहे हैं। बार बार उनसे यही अनुरोध कर रहे हैं कि वह वन को न जाएं। सभी के समझाने पर भी राम अपने निर्णय पर अडिग हैं। यह दृश्य पूरे अयोध्यावासियों के साथ साथ मैदान में मौजूद सभी दर्शकों को भी विचलित कर देता हैं। अयोध्यावासियों तथा मंत्री सुमंत के सोने के पश्चात श्री राम, भाई लक्ष्मण तथा पत्नी सीता के साथ सरयू नदी पार कर जाते हैं। नदी पार करने के लिए जब वह नाव में प्रवेश करते हैं तो केवट पहले उनके चरण धोता हैं। इस कार्य के लिए राम केवट को बहुत मना करते हैं लेकिन वह मानता ही नहीं है। इस दौरान फिर श्री राम और केवट दोनों के बीच लम्बा संवाद होता हैं। नदी पार उतरने के बाद उतराई के रुप में वह केवट को अपनी मुद्रिका देते हैं, जिसे वह लेने से इंकार कर देता है। केवट कहता है कि जब भगवन आपके पास मैं आंऊ तो मुझे भी भवसागर से पार करा देना। तब भगवान राम उसे अविरल भक्ति का वरदान देकर आगे बढ़ जाते हैं। दूसरी ओर राजा दशरथ को होश में आने पर जब पता चलता हैं कि राम लक्ष्मण और सीता वन की ओर प्रस्थान कर गए हैं तो पुत्र वियोग में उनके प्राण पखेरु उड़ जाते हैं। मरने से पूर्व वह रानी कौशल्या को श्रवण और उसके माता पिता की घटना को विस्तार से बताते है। राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार मिलते ही पूरी अयोध्या नगरी में चारों ओर हाहाकार मच जाता है।

इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल,राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, श्रीमती प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी' के प्रमोशन के लिए मोहन नगर स्थित आईटीएस पहुंचे निदेशक महेश भट्ट और संगीतकार अनु मलिक




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जाने माने निर्देशक महेश भट्ट और सुप्रसिद्ध संगीतकार अनु मलिक बुधवार को मोहन नगर स्थित आईपीएस कॉलेज पहुंचे। मौका था उनकी फिल्म तू मेरी पूरी कहानी का प्रमोशन शो। इस मौके पर 700 से ज्यादा छात्रों ने फिल्म निमार्ता और संगीतकार से संवाद किया। कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर शमी दुहन हिरण्य ओझा श्रुति दास और अरहान पटेल भी उपस्थित थे। निर्देशक महेश भट्ट ने फिल्म के निर्माण के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। संगीतकार अनु मलिक ने गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# दिल्ली कूच कर रहे किसानों को गाज़ियाबाद में रोका, 115 किसान हिरासत में लिए गए



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम ।** किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान हरिद्वार से पैदल यात्रा कर दिल्ली संसद भवन की ओर बढ़ रहे थे। किसानों की यह यात्रा गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल तय करने सहित कई अन्य मांगों को लेकर की जा रही है। दिल्ली-हरिद्वार मार्ग पर किसानों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए गाज़ियाबाद पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर कई जगहों पर बैरिकेडिंग कर दी। बुधवार की सुबह जैसे ही किसान दिल्ली की ओर कूच करने लगे, पुलिस ने उन्हें मेरठ रोड स्थित वर्धमान पुलिस चौकी, मननधाम, राजनगर एक्सटेंशन, हापुड़ चुंगी और मोदीनगर कट पर रोक लिया।

### किसानों का विरोध और हंगामा

करंट क्राइम। किसानों को जबरन रोके जाने पर उन्होंने हंगामा किया और नारेबाजी कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। मौके पर पुलिस और किसानों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी।

### पुलिस के की कार्रवाई, 115 किसान हिरासत में लिए गए

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर के निर्देश पर पांच अलग-अलग स्थानों से करीब 115 किसानों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर बसों के माध्यम से पुलिस लाइंस भेज दिया, जहां उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी कीमत पर बिना अनुमति के यात्रा को आगे बढ़ने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। हिरासत में लिए गए किसान पुलिस लाइन में ही बैठ गए और वहीं धरने पर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

### मोदीनगर में अवैध कॉलोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर



गाजियाबाद`करंट क्राइम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बुधवार को मोदीनगर क्षेत्र की कई अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बाउंड्रीवॉल, सड़कों और साइट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया। जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने पुलिस बल के साथ संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के तहत ग्राम विद्यापुर शफीयाबाद (खसरा नंबर-224) में करीब 9,000 वर्ग मीटर, ग्राम गदाना (खसरा नंबर-527) में लगभग 10,000 वर्ग मीटर और ग्राम औरंगाबाद गदाना (खसरा नंबर-396) में करीब 30,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। यहां ग्लोब शाइन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र और स्वामित्व अभिलेख के मिट्टी भराई, सड़क निर्माण और बाउंड्रीवॉल का काम किया जा रहा था। ध्वस्तीकरण के दौरान कॉलोनाइजर और स्थानीय लोगों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने हालात पर काबू पाया और कार्रवाई पूरी कराई। प्रवर्तन टीम ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में न तो स्वीकृत मानचित्र थे और न ही मालिकाना दस्तावेज, जिसके चलते चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। जीडीए अधिकारियों ने साफ किया कि यह अभियान यहीं नहीं रुकेगा। अगले माह भी अवैध कॉलोनियों और अवैध निमार्णों पर ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# 180 डिग्री पर घूमेगी रावण की गर्दन, लंका का राजा देखेगा पूरा कवि नगर का नजारा

# आठ कारीगर बना रहे हैं कवि नगर में 80 फुट ऊंचा रावण का पुतला

## 3000 अलग-अलग कूल आतिशबाजी से रोशन और धमाका करेगा रावण का पुतला



गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** कवि नगर की रामलीला गाजियाबाद ही नहीं आसपास के इलाकों में खास मानी जाती है। यहां के आयोजन से लेकर मंच पर रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों की बात हो या रामलीला के मेले के दौरान लगे आकर्षक स्टॉल कवि नगर की रामलीला हर साल अलग अंदाज में नजर आते हैं। हर साल यहां के रावण दहन कार्यक्रम में हजारों की भीड़ पहुंचती है। तो रावण के पुतले और आयोजन में भी कुछ ना कुछ नया देखने को मिलता है। कवि नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और समिति के अन्य पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कवि नगर रामलीला में जो रावण दहन कार्यक्रम होगा, इस बार उसमें रावण की ऊंचाई 80 फीट, कुंभकरण 70 और मेघनाद का पुतला 65 फीट ऊंचा रहेगा। रामलीला मैदान कवि नगर में जो रावण का पुतला सजाया जाएगा वह लगभग 80 फीट ऊंचाई से पूरे कवि नगर इलाके को देखेगा। उसकी हाइट अधिक होने की वजह से वह आसपास की बहु मंजिला इमारत जैसा नजर आएगा। इसके साथ ही लंका के राजा रावण की गर्दन जहां 180 डिग्री पर घूमेगी। तो उसकी आंख में गोल्डन मॉम लाइट लगाई जाएगी, जो उसे आकर्षक और स्टाइलिश रूप प्रदान करेगी। इसके साथ ही उसके पुटके पर बेहतरीन लाइटिंग होने के साथ ही कूल आतिशबाजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। रामलीला मैदान कवि नगर में रावण के पुतले को बनाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। तो रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाद के पुतले भी बेहतर ढंग से सजाए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुलंदशहर जिले के गुलावठी गांव का परिवार जिसके मुखिया दिलशाद और उनके पुत्र आदिल व कारीगर इसे बनाने का काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रावण ,मेघनाद और कुंभकरण के पुतले को बनाने के लिए कुल आठ अलग-अलग कारीगर अपनी मेहनत से इसे सजाने, संवारने और आकर्षक रूप देने का काम करेंगे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कवि नगर में श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मेले और मंचन समारोह में दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता पहुंचे। यहां पर उन्होंने मेला कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान मेला व्यवस्थापक दिवाकर सिंघल, वेदपाल सिंह कुशवाह, एडवोकेट विरेंद्र सिंह कुशवाह, प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर दिव्यांशु भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### 300 पीस बांस और 2 कुंतल लोकल गोंद का हो रहा है इस्तेमाल

**करंट क्राइम।** कवि नगर रामलीला मैदान में दशहरा पर्व पर रावण दहन, कुंभकरण और मेघनाद का पुतला जलाया जाएगा। इन पुतले को बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इसको बनाने वाले कारीगर दिलशाद उनके पुत्र आदिल ने जानकारी दी है कि इन तीनों पुतलों को बनाने के लिए लगभग 16 फुट लंबे 300 पीस बांस का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन बांस की अलग-अलग छोटी बड़ी, लंबी, चौड़ी और मोटी खप्पची बनाई जाती हैं, जो रावण के साथ ही अलग-अलग पुतलों में इस्तेमाल की जाती है। गुलावठी के रहने वाले पुतला बनाने वाला यह कारीगर परिवार तीसरी पीढ़ी के रूप में यह काम कर रहा है। जो अब तक 100 से ज्यादा अलग-अलग पुतले और रामलीला जैसे आयोजनों में भाग ले चुके हैं।

### गोल्डन मॉम में रावण और कुंभकरण नीला और पिंक रंग में नजर आएंगे तीनों पुतले

करंट क्राइम। कवि नगर रामलीला मैदान में श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला का जितना महत्व होता है, उतना ही यहां के ऊंचे ,लंबे और आकर्षक नजर आने वाले पुतलों का भी नजारा देखने को मिलता है। इस बार जो ऊंचे ऊंचे पुतले बनाए जा रहे हैं, उसमें रावण के पुतले और उसकी आंख का रंग गोल्डन मॉम रंग वाला होगा। तो कुंभकरण की आंखें नीली और मेघनाद की पिंक कलर थीम पर आंख बनाई जा रही हैं। साथ ही इसमें बड़ी संख्या में अन्य सामान और रंगीन कागज लगाया जा रहा है ताकि यह दूर से आकर्षक और अपनी अलग ही छटा बिखेरने का काम करें।

### 180 डिग्री पर घूमेगी 80 फुट की ऊंचे रावण की गर्दन

**करंट क्राइम।** कवि नगर रामलीला मैदान का रावण 80 फीट की ऊंचाई से रामलीला स्थल की शोभा बढ़ाएगा, तो उसकी 180 डिग्री पर घूमने वाली गर्दन उसे पूरा कवि नगर का नजारा दिखाएंगी। रावण की गर्दन में मोटर लगाई जाएगी जिससे उसकी गर्दन 180 डिग्री पर घूमेगी और वह पूरे रामलीला मैदान का नजारा भी देखेगा। रावण के पुतले को बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। तो वहीं अन्य पुतलों पर सजावट , रंगावट और सजावटी पेपर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### पुतलों का दहन होते ही गूंजेगी 3000 ग्रीन आतिशबाजी की आवाज

**करंट क्राइम।** कवि नगर श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा दशहरे मेले के दौरान रावण दहन कार्यक्रम को लेकर पुतलों का निर्माण करने वाले दिलशाद ने जानकारी दी है कि रावण के पुतले को जैसे ही दहन किया जाएगा, तो उसके साथ ही 3000 ग्रीन आतिशबाजी एक साथ जल उठेगी। जिसकी तेज आवाज पूरे इलाके में गूंजेगी। तो वहीं आतिशबाजी की रंगीन लाइटिंग भी लोगों को आनंदित करने का काम करेगी। कलाकारों द्वारा ऐसी आतिशबाजी का इस्तेमाल किया जा रहा है कि बेहद कम से कम धुआं फैलाए और ध्वनि प्रदूषण भी अधिक डेसिमल वाला ना हो।



### 28 दिन में बनकर तैयार होते हैं रावण कुंभकरण और मेघनाद के पुतले

**करंट क्राइम।** कवि नगर रामलीला मैदान में बीते कई सालों से रावण ,कुंभकरण और मेघनाद के पुतले बनाने वाले मुख्य कारीगर दिलशाद बताते हैं कि यह उनकी तीसरी पीढ़ी है, जो पुतले बनाने का काम कर रही है। उनके साथ उनका बेटा आदिल,आकिल और अन्य कारीगर भी इसमें सहयोग देते हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि यहां कवि नगर रामलीला मैदान में श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा जो रामलीला आयोजित की जाती है उसमें इस बार जो पुतले बनाने का कार्यक्रम शुरू किया गया था वह 3 सितंबर को शुरू किया गया था और सभी पुतले 30 सितंबर तक बनकर तैयार हो जाएंगे। 30 सितंबर से रामलीला मैदान कवि नगर में रावण कुंभकरण और मेघनाद का पुतला खड़ा करने का काम शुरू होगा।

### 200 किलो पीला और 50 किलो सफेद कागज का हो रहा है इस्तेमाल

**करंट क्राइम।** रावण और कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों में जहां बड़ी संख्या में बांस का इस्तेमाल होता है तो इसमें रद्दी और सजावटी पेपर का भी इस्तेमाल किया जाता है। अलग-अलग पुतलों को बनाने वाले कारीगरों ने बताया है कि तीनों पुतलों में लगभग 200 किलो पीले और 50 किलो सफेद कागज का इस्तेमाल हो रहा है। जो अलग-अलग तीनों पुतलों को सुंदरता और दूर से आकषर्कता प्रदान करने का काम करेंगे।






- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें लग रहा है भगवा पहलवान ने पकड़ लिया है भगवा कमांडर वाला ट्रैक? उन्हें हो गया है एहसास कि गर्ग साहब के लिए जितनी मेहनत करो वो उतना लगाते हैं जैक? इसलिए वो सांसद खेल प्रतियोगिता में दे रहे हैं पूरी बारीकी से ध्यान? आजकल उनके दर्शन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहे हैं श्रीमान? वैसे भी पहलवान वहां जगह बना चुके हैं, जहां मिस्टर गर्ग देते हैं अपने दिल में विशेष चेहरों को स्थान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ ऐसी ही हमें नजर आई पार्षद राजीव शर्मा के कार्यक्रम में भी झलक? सांसद को राजा जनक के रूप में मुख्य अतिथि बनाकर उन्होंने कर दिया तोड़? कहने वाले ने कहा बस यहीं से समझ लो शुरू हो गया है उनका बढ़िया वाला गठ-जोड़? हमें पता चला है कार्यक्रम से सांसद जी हैं बहुत ज्यादा खुश? जब वो होते हैं खुश तो कर देते हैं कईयों की राजनीति को पुश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता है नागर जी ने आज तक किसी भी सरकारी या सामाजिक कार्यक्रम के लिए नहीं खोले थे अपने स्कूल के गेट? ऐसा हमें मिला है अपडेट? वो सरकारी कार्यक्रमों में नहीं भेजते थे अपने स्कूल के बच्चे? बच्चे गर्मी में परेशान होंगे, ये हालात उन्हें सोच कर भी नहीं लगते थे अच्छे? मगर इस बार ना जाने किस वजह से दिल पर पत्थर रखकर बदल दिया पुराना वाला इतिहास? अब ये क्यों किया है इस बारे में तो वो ही बैटर बता सकते हैं साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस वक्त भगवा योद्धा के आस-पास युवा वाले आशीष और संदीप का दिख रहा है बहुत ज्यादा डेरा? अक्सर दोनों उनके निकट ही नजर आ रहे हैं? चाहे शाम हो या सवेरा? भगवा योद्धा भी दोनों को दे रहे हैं बहुत ज्यादा भाव? बस यहीं से बढ़ता हुआ दिख रहा है तनाव? कहने वाले ने कहा देखना अब ये है दोनों में से कौन युवा मोर्चा के अध्यक्ष वाले रथ पर होगा सवार? क्योंकि आज तक ये कोई पहचान ही नहीं पाया है कि भगवा योद्धा के माईंड में फाईनली क्या चल रहे हैं विचार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा उदिता दीदी कुछ भी कहने में नहीं लगाती हैं देर? हमने देखा अपनी फेसबुक वाली पोस्ट पर उन्होंने कई चिंटुओं को कर दिया ढेर? कहा कोई कर रहा है उनको या तो शोहरत देने या रूसवाई दिलाने वाला काम? कोई तो पहुंचा रहा है उस गली में उनके तराने? जहां से बिगड़ सकता है काम? जो भी हो चिंटुओं पर है मैडम जी की नजर? जरा हो जायें वो सावधान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आखिर क्यों ना शहर वाले विधायक जी ना निभायें संजय नगर वाले अपने दोस्त पप्पू भैया का साथ? मित्रता आज की नहीं है? ये तराना तो 2007 से चल रहा है साहब? अब जब वक्त आये तो दोस्त, दोस्त के लिए ना बोले? ऐसे कैसे हो सकते हैं हालात? बस कुछ इसी तरह से रामलीला वाले मैटर में निभाया है कमांडर ने दोस्त का साथ? हर जगह राजनीति नहीं चलती? दोस्ती तो निभानी ही पड़ी है साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसलिए हमें भाता है भगवा मैम्बर टॉमक्रूज प्रवीण चौधरी का किरदार? वो आखिरी सीमा तक जाकर निभाते हैं अपना व्यवहार? हमने देखा कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होने के बाद उन्होंने हाथों में बुके लेकर सबसे पहले दी मेयर साहब को बधाई? चुनाव जीतते ही उनका चेहरा मंच पर दे रहा था दिखाई? कहने वाले ने कहा राजनीति में यही अदा दिल जीतती है भाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मगर यहां पर कुछ अलग ही दिखा भगवा सौलंकी का किरदार? जीतने के बाद और उभर कर आया उनका ठाकुराना वाला अवतार? उन्होंने नहीं डाले यहां पर बिल्कुल भी हथियार? नहीं गये वो यहां से वहां तक? जबकि बहुत दूरी नहीं थी यार? उन्होंने डाला अपनी गाड़ी में पार्टी कार्यालय पर पहुंचने का गियर? दिखाई दिये वो बुके लेकर भगवा योद्धा के नियर? करा दिया उन्होंने एहसास कि इस जंग में वो अब काफी आगे आ गये हैं? अब नहीं होती उनको किसी से फियर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे भी बजरंगी भैया आजकल इतना कहां देते हैं निगम वाली राजनीति पर ध्यान? इसलिए हमने देखा वो मजाक से ही चला रहे हैं काम? जैसे ही आयुक्त साहब ने कहा बीत रहा है नामांकन लेने का वक्त? बात ये सब मजाक में चल रही थी? मजाक में ही बजरंगी भैया ने ऐसा माहौल बनाया जैसे बदल रहे हो तख्त? उन्होंने अपनी जेब से मौहल्ले के शिकायत वाले कागज को नामांकन पत्र की तरह कर दिया पेश? पहले तो सब हैरान हुए, फिर जब असलियत पता चली तब हंसी के साथ खत्म हुआ ये वाला क्लेश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी पूरे चुनाव के दौरान थी मैम्बर गोयल पर भी नजर? वो इधर से उधर तो जा रहे थे? मगर वो नहीं जा रहे थे मंच के उधर? वो लगातार मंच से बनाकर चल रहे थे गैप? कहो तो दूरियों का भेज दूं मैं आपको बनाकर मैप? ना जाने क्यों उन्होंने किया हुआ था इतना डिस्टेंस क्रीएट? वैसे वजह यही है कि उन्हें भी हो गया है इस बात का एहसास कि जहां कभी थे उनके जलवे? वहां नही रहा उनका इतना वेट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# महिला पुलिस टीम ने दिखाया जज्बा, हिस्ट्रीशीटर बदमाश को मुठभेड़ में दबोचा तो पुलिस कमिश्नर ने किया सम्मानित

## 25000 का दिया नगद पुरस्कार

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अपराधियों पर नकेल कसने और महिलाओं की सुरक्षा को सशक्त करने की दिशा में गाज़ियाबाद पुलिस ने एक और मिसाल कायम की है। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे और महिला थाना प्रभारी रीतु त्यागी के नेतृत्व में बनी विशेष महिला पुलिस टीम ने एक संयुक्त अभियान चलाकर हिस्ट्रीशीटर बदमाश को मुठभेड़ के बाद धर दबोचा। जानकारी के मुताबिक, यह बदमाश लंबे समय से चोरी, लूटपाट और महिला विरोधी अपराधों में सक्रिय था। पुलिस को उसकी गतिविधियों की सूचना मिली, जिसके बाद महिला पुलिस टीम ने रणनीति बनाकर दबिश दी। इस दौरान हुई मुठभेड़ में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और मौके पर ही पकड़ लिया गया। घायल बदमाश को जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज

### मिशन शक्ति 5.0 का प्रभाव

**करंट क्राइम।** एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण है। गाज़ियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की यह कार्रवाई इस मिशन को और मजबूती प्रदान करती है और आने वाले समय में महिला पुलिसकर्मियों के लिए एक प्रेरणा बनकर सामने आई है।



### पुलिस कमिश्नर ने किया सम्मानित

**करंट क्राइम।** महिला टीम के साहस और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने टीम को 25,000 का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, यह कार्रवाई महिला पुलिस की क्षमता और मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्य का प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस तरह की घटनाएं न सिर्फ अपराधियों को सबक सिखाती हैं बल्कि आम जनता और खासकर महिलाओं के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करती हैं।

### सम्मानित टीम में शामिल अधिकारी

**करंट क्राइम।** एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे, महिला थाना प्रभारी रीतु त्यागी, दरोगा विनीता यादव, दरोगा भुवनेश्वरी सिंह, हेड कांस्टेबल ममता कुमारी, हेड कांस्टेबल मीनू सिंह

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**करंट क्राइम।** यह पहली बार है जब गाज़ियाबाद की महिला पुलिस टीम ने स्वतंत्र रूप से एनकाउंटर जैसी जोखिम भरी कार्रवाई को अंजाम दिया। इससे यह संदेश गया है कि महिलाएं न केवल समाज में सुरक्षा प्रदान कर सकती हैं, बल्कि सबसे खतरनाक परिस्थितियों का सामना करने में भी सक्षम हैं। मुठभेड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें घायल बदमाश को पुलिस हिरासत में ले जाते हुए देखा जा सकता है। लोग महिला पुलिस टीम की वीरता और तत्परता की सराहना कर रहे हैं। पुलिस ग्रुप्स से लेकर आम जनता तक, हर तरफ इस टीम की बहादुरी की चर्चा हो रही है।

# 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' पर संवाद : गाजियाबाद के व्यापारी बंधुओं ने पीएम मोदी का किया आभार व्यक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' बचत उत्सव के तहत आज गाजियाबाद में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विधायक संजीव शर्मा और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने व्यापारी बंधुओं के साथ जीएसटी सुधारों पर चर्चा की। सभी व्यापारियों ने 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' रिफॉर्म को एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए संतोष व्यक्त किया और इसके लिए केंद्र सरकार के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि ये सुधार न केवल प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे, बल्कि महंगाई को भी नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होंगे। संवाद के दौरान, 'घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार!' का नारा गूंजा, जो व्यापारियों के बीच इस फैसले के प्रति उत्साह को दर्शाता है।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और उनकी गरीब-कल्याणकारी नीतियों का सीधा प्रमाण है। उन्होंने इसे 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना का सशक्त उदाहरण बताया।




# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में माता की चौकी का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में 24 सितंबर को नवरात्रि के शुभ अवसर पर माता की चौकी का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल, उपकुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, कुलपति डॉ. डी.के. शर्मा, एम.डी. डॉ. वैशाली अग्रवाल और श्रीमती दीपांजलि अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद माता की स्तुति और भजनों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। फैकल्टी और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी ने माता की आराधना और पूजा-अर्चना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

माता की चौकी ने न केवल श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बनाया बल्कि यूनिवर्सिटी परिवार में सामूहिकता और एकजुटता की भावना को और प्रबल किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# गाजा की नाकाबंदी तोड़ने निकले कार्यकताओं के काफिले पर ड्रोन हमला, कई नौकाएं हुईं क्षतिग्रस्त

**गाजा।** गाजा पट्टी की इस्राइली नाकाबंदी को तोड़ने के लिए रवाना हुए अंतरराष्ट्रीय कार्यकताओं के बेड़े (फ्लोटिला) पर मंगलवार देर रात ड्रोन से हमला हुआ। कार्यकताओं का कहना है कि यह हमला ग्रीस के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में हुआ। ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला नाम के इस काफिले के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके संचार सिस्टम को जाम कर दिया गया और कम से कम 13 धमाकों की आवाजें सुनी गईं। उनका दावा है कि ड्रोन या विमान से अज्ञात वस्तुएं 10 से अधिक नौकाओं पर गिराई गईं।

हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहींहालांकि, इस हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन कई नौकाएं क्षतिग्रस्त हुईं और संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। सोशल मीडिया पर फ्लोटिला ने एक छोटा वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक नौका के पास विस्फोट होता हुआ दिखाई दे रहा है। ग्रीस के तटरक्षक बल ने बताया कि उन्हें कोई आपातकालीन कॉल प्राप्त नहीं हुई। इस्राइली सेना ने इस घटना पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



**गाजा पट्टी की इस्राइली नाकाबंदी को तोड़ने के लिए रवाना हुए अंतरराष्ट्रीय कार्यकताओं के बेड़े (फ्लोटिला) पर मंगलवार देर रात ड्रोन से हमला हुआ। कार्यकताओं का कहना है कि यह हमला ग्रीस के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में हुआ**

इस बेड़े में अलग-अलग देशों से आई दर्जनों नौकाएं शामिल हैं। ये नौकाएं प्रतीकात्मक मात्रा में खाद्य सामग्री और दवाइयां गाजा के लोगों के लिए ले जा रही हैं। इस्राइली विदेश मंत्रालय का आरोप है कि इस अभियान का आयोजन करने वालों का संबंध हमास से है। मंत्रालय का कहना है कि कार्यकताओं को गाजा जाने की बजाय इस्राइल के अशकेलोन बंदरगाह पर सामान उतार देना चाहिए, जिससे इस्राइल की जांच के बाद मदद को गाजा तक पहुंचाया जा सके। काफिले में इतालवी सांसद भी शामिल इस काफिले में इटली के नागरिकों के साथ-साथ इतालवी संसद और यूरोपीय संसद के सदस्य भी शामिल हैं। इटली के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने इस्राइल को सूचित किया है कि यदि इस्राइली सेना को कोई कार्रवाई करनी पड़े, तो वह अंतरराष्ट्रीय कानून और पूरी सावधानी के साथ की जाए। विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने इस्राइल से आग्रह किया है कि वह नौकाओं पर मौजूद सभी व्यक्तियों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करे।

काफिले पर पहले भी हुए हमले ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला ने बताया कि 1 सितंबर को स्पेन से रवाना होने के बाद से अब तक उस पर कई बार हमले हो चुके हैं।

# भारत हमारी तरफ है: यूएनजीए में ट्रंप के दावों के उलट यूक्रेनी राष्ट्रपति का अहम बयान

**यूक्रेन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत को लेकर एक अहम बयान दिया है। एक अमेरिकी मीडिया समूह को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'भारत अधिकतर हमारी तरफ ही है'। जेलेंस्की का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति के संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में किए गए उन दावों के बिल्कुल उलट माना जा रहा है, जिसके तहत ट्रंप ने आरोप लगाया था कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का मुख्य वित्तपोषक है।

पहले जानें- यूएनजीए में ट्रंप ने भारत पर क्या आरोप लगाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। इंटरव्यू में क्या बोले यूक्रेनी राष्ट्रपति यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह माना कि भारत-रूस के ऊर्जा सौदों के



कारण कुछ जटिलताएं आई हैं, लेकिन उन्होंने आशा जताई कि भारत रूसी ऊर्जा सेक्टर के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव करेगा। उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है भारत अधिकतर हमारी तरफ है। हां हमारे पास ऊर्जा को लेकर कुछ सवाल हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप उससे निपट सकते हैं।

जेलेंस्की ने साफ किया कि रूस और भारत के बीच ऊर्जा समझौतों को लेकर कुछ समस्याएं हैं। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही रूस के ऊर्जा सेक्टर के प्रति अपना रवैया बदल लेगा। उन्होंने कहा कि हमें वह सब करना होगा, जिससे भारत हमसे दूर न हो और रूस के ऊर्जा क्षेत्र की तरफ उसका रुझान भी बदल जाए। मैं इसे लेकर निश्चिंत हूं। हालांकि, चीन को लेकर जेलेंस्की ने यह भी कहा कि उससे (चीन से) बदलाव की उम्मीद करना कठिन है।

# संयुक्त राष्ट्र में गूंजा 'ओम शांति, शांति ओम' इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने ऐसे खत्म किया अपना संबोधन

**इंडोनेशियाई ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की। अपने 19 मिनट के संबोधन के अंत में उन्होंने संस्कृत मंत्र 'ओम शांति, शांति, शांति ओम' का उच्चारण कर पूरी दुनिया को सौहार्द्र और एकजुटता का संदेश दिया।

गाजा-फलस्तीन में शांति के लिए इंडोनेशिया का बड़ा एलान अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति सुबियांतो ने गाजा और फलस्तीन में जारी हिंसा और मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इंडोनेशिया शांति स्थापना में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा- 'इंडोनेशिया 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए भेजने को तैयार है।' सुबियांतो ने यह भी बताया कि आज इंडोनेशिया



दुनिया में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना का एक बड़ा योगदानकर्ता देश है और वह सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि सक्रिय सैनिकों की तैनाती के जरिए शांति स्थापित करने के लिए काम करता रहेगा।

दो-राष्ट्र समाधान पर दिया जोर राष्ट्रपति ने इस्राइल-फलस्तीन विवाद का हल दो-राष्ट्र समाधान में बताया। उन्होंने कहा कि फलस्तीन और इस्राइल, दोनों को स्वतंत्र, सुरक्षित और आतंकवाद व खतरों से मुक्त राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गाजा में निदोर्षों पर हो रही तबाही को रोका नहीं गया, तो दुनिया 'अंतहीन युद्ध और बढ़ती हिंसा' के बहुत खतरनाक दौर में प्रवेश कर जाएगी। सुबियांतो ने कहा, 'हिंसा किसी भी राजनीतिक संघर्ष का समाधान नहीं हो सकती।

# मुंबई से पहलगाम हमले तक फैजा रिफत ने वैश्विक आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को दिया दो टूक संदेश

**मुंबई ।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में राजस्थान की फैजा रिफत ने जोरदार तरीके से भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। जिनेवा में मौजूद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए रिफत ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विविधता में एकता के सिद्धांत पर मजबूती से टिका है, जिसने एक ही देश में कई संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं को एक साथ फलने-फूलने का असवर दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हर व्यक्ति को विचार, विश्वास और अभिव्यक्ति की आजादी देता है, जिससे भारत वास्तव में बहुलवाद का जीवंत उदाहरण है।

रिफत ने भारत की सबको साथ



लेकर चलने की परंपरा की सराहना की और आतंकवाद से पैदा हुई अस्थिरता और खतरों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने 2008 के मुंबई हमलों और हाल के पहलगाम हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं याद दिलाती हैं कि हिंसा किस तरह शांति को खत्म कर देती है, निर्दोष लोगों की जान लेती है और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा, ये हमले केवल भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमले हैं।

**संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में राजस्थान की फैजा रिफत ने जोरदार तरीके से भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला**

उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद भारत की जनता की सहिष्णुता, मानवाधिकारों और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को लेकर प्रतिबद्धता बनी हुई है। उन्होंने संवाद और अहिंसक तरीकों से विवाद सुलझाने की भारती नीति को दोहराया और वैश्विक शांति की स्थापना में भारत की जिम्मेदार भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने पूरी दुनिया से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर जवाब देने की अपील की। रिफत ने चेतावनी दी कि चरमपंथी हिंसा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। उन्होंने कहा, हम केवल सहयोग, आपसी सम्मान और सामूहिक संकल्प के जरिए ही नफरत का सामना कर सकते हैं और अपने शाझा भविष्य की रक्षा कर सकते हैं।

# श्रीलंकाई राष्ट्रपति को तमिल पार्टी का पत्र वादों को अनदेखा करने पर जताई चिंता, बातचीत की मांग

**श्रीलंका ।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर श्रीलंका की प्रमुख तमिल पार्टी तमिल अरासु कच्ची (आईटीएके) ने उन्हें एक पत्र लिखा है। इसमें पार्टी ने तमिल संबंधित जो भी राष्ट्रीय स्तर के अहम मुद्दे हैं उसपर बातचीत करने की मांग उठाई है। बता दें कि दिसानायके ने 23 सितंबर 2024 को भारी जीत के बाद राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। उनकी पार्टी नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) ने अपने चुनावी घोषणापत्र में स्थानीय सरकारों को अधिक अधिकार देने और एक नया संविधान लाने का वादा किया था।

श्रीलंका में तमिल लोगों की प्रमुखता से आवाज उठाने वाली



आईटीएके पार्टी ने अपने 22 सितंबर को लिखे पत्र में राष्ट्रपति दिसानायके के चुनावी घोषणापत्र का जिक्र किया। पत्र में कहा गया कि आपके राष्ट्रपति (दियानायके) कार्यभार संभालने को एक साल हो गया है। आपने चुनाव प्रचार और बाद में भी इस गंभीर मुद्दे को हल करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पार्टी ने यह भी बताया कि उसने आठ सदस्यों की एक समिति बनाई है जो राष्ट्रपति

**श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर श्रीलंका की प्रमुख तमिल पार्टी तमिल अरासु कच्ची (आईटीएके) ने उन्हें एक पत्र लिखा है। इसमें पार्टी ने तमिल संबंधित जो भी राष्ट्रीय स्तर के अहम मुद्दे हैं उसपर बातचीत करने की मांग उठाई है**

से इस मुद्दे पर बातचीत शुरू करेगी। संविधान सुधार की दिशा में क्या-क्या हुओ श्रीलंका की एनपीपी सरकार के प्रवक्ता और मंत्री नालिंदा जयतिसा ने भी हाल ही में यह स्वीकार किया कि संविधान सुधार को लेकर अब तक कोई काम नहीं हुआ है। सरकार ने पहले वादा किया था कि स्थगित प्रांतीय परिषद चुनाव एक साल के भीतर कराए जाएंगे, लेकिन अब उसमें और देरी की घोषणा कर दी गई है।

# ट्रंप से टैरिफ पर तनाव के बाद चीन ने उठाया बड़ा कदम, डब्ल्यूटीओ में विकासशील देशों का दर्जा छोड़ेगा


**चीन ।** चीन अब विश्व व्यापार संगठन के समझौतों में विकासशील देशों को दिए जाने वाले विशेष सुविधाओं की मांग नहीं करेगा। चीन के रुख में यह एक ऐसा बदलाव है। इसकी मांग अमेरिका लंबे समय से कर रहा था। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यह कदम ऐसे समय में वैश्विक व्यापार प्रणाली को बढ़ावा देने का प्रयास है, जब यह टैरिफ युद्धों और अलग-अलग देशों द्वारा आयात को प्रतिबंधित करने के संरक्षणवादी कदमों से खतरे में है। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका का नाम नहीं लिया, न ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस वर्ष चीन सहित कई अन्य देशों पर टैरिफ लगाए जाने का उल्लेख किया। अमेरिका लंबे समय से यह तर्क देता रहा है कि चीन को विकासशील देश का दर्जा छोड़



देना चाहिए क्योंकि वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विश्व व्यापार संगठन में इस दर्जे के फायदों में आयात के लिए अपने बाजार खोलने की कम जरूरतें और बाजार खोलने के ऐसे कदमों को लागू करने के लिए लंबी संक्रमण अवधि शामिल है। विश्व व्यापार संगठन वैश्विक व्यापार वार्ता के लिए एक मंच प्रदान करता है और समझौतों को लागू करता है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता कम हो गई है, जिसके कारण सुधार की मांग उठ रही है। जिनेवा स्थित संगठन के प्रमुख ने चीन के इस कदम को डब्ल्यूटीओ सुधार के लिए एक बड़ी खबर₹ बताया और एक्स पर एक पोस्ट में देश के नेताओं की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

# शक्तिशाली चक्रवात रगासा के आज चीनी तट से टकराने की संभावना, ताइवान में 14 की मौत, कई लापता

**ताइवन ।** दुनिया के सबसे शक्तिशाली चक्रवाती तूफान रगासा ने पूर्वी एशियाई देशों में भारी बारिश तबाही मचाई, इसके चलते हांगकांग 700 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं हैं। उधर ताइवान में तूफान ने अब तक 14 लोगों को अपनी चपेट में लिया है। बता दें कि तूफान के कारण आई बाढ़ में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग अभी भी लापता हैं। वहीं इस तूफान के आज चीन के तट से टकराने की प्रबल संभावना भी है। चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के तट से टकराएगा रगासा ताजा जानकारी के मुताबिक, ताइवान में भारी तबाही मचाने के बाद शक्तिशाली चक्रवात रगासा अब चीन की ओर बढ़ रहा है। रगासा आज (बुधवार) दोपहर से देर शाम के बीच चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के तट से टकराएगा। यह हांगकांग से करीब 100 किलोमीटर दक्षिण में लैंडफॉल करेगा। ताइवान में तूफान से भारी तबाही मंगलवार को ताइवान



के हुआलिएन काउंटी में लगातार भारी बारिश से एक झील का बांध टूट गया, जिससे पानी के तेज बहाव ने एक पुल को बहा दिया। वहीं गुआंगफू कस्बे में सड़कों पर पानी की तेज बहाव में कई गाड़ियां व घरों का सामान बह गए। इस कस्बे की 8450 की आबादी में से आधे से ज्यादा लोग ऊंची जगहों या अपने घरों की ऊपरी मंजिलों पर शरण लिए हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि राहतकर्मी घर-घर जाकर लोगों की तलाश कर रहे हैं। फिलीपींस में भी रगासा का असर रगासा ने फिलीपींस के उत्तरी लुजोन क्षेत्र में भी कहर बरपाया। यहां चार लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल है जो भूस्खलन में फंस गया। इस तूफान से लगभग सात लाख लोग प्रभावित हुए और 25000 से ज्यादा लोगों को सरकारी राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी। चीन और हांगकांग में तैयारी वहीं तूफान के खतरे को देखते हुए दक्षिणी चीन के कई शहरों में स्कूल, ऑफिस और बाजार बंद कर दिए गए हैं। हांगकांग में नंबर आठ का तूफान अलर्ट जारी किया गया है, जो शहर की मौसम चेतावनी प्रणाली का तीसरा सबसे ऊंचा स्तर है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि समुद्र का जलस्तर 2-3 मीटर तक बढ़ सकता है और लहरें तट से टकराते हुए खतरनाक रूप ले सकती हैं। सुरक्षा के मद्देनजर लोग खिड़कियों और कांच के दरवाजों को टेप से सील कर रहे हैं, घरों के सामने बालू की बोरियां रखी जा रही हैं और बाजारों में जरूरी सामान की तेजी से खरीदारी हो रही है। 185 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा रगासा रगासा को पिछले कई वर्षों में आए सबसे ताकतवर तूफानों में से एक माना जा रहा है। हांगकांग के मौसम विभाग के मुताबिक, इस समय तूफान की रफ्तार 185 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा है।

# अमेरिका में डलास के इमिग्रेशन ऑफिस में गोलीबारी तीन घायल, हमलावर ने खुद को मारी गोली

**अमेरिका ।** अमेरिका के डलास शहर में स्थित इमिग्रेशन एंड यूएस कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) डिटेंशन फैसिलिटी में बुधवार को गोलीबारी हुई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए, जबकि हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

आईसीई के कार्यकारी निदेशक टॉड लायंस ने सीएनएन से बातचीत में गोलीबारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि घायलों में कर्मचारी शामिल हैं, नागरिक हैं या फिर डिटेंशन में रखे गए लोग। फिलहाल एजेंसी इस पर जांच कर रही है।

अभी तक अस्पष्ट है उद्देश्य अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि घटना की जानकारी अभी इकट्ठी की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि कई लोग घायल हुए हैं और कुछ की मौत भी हुई है। नोएम ने बताया कि हाल



के दिनों में आईसीई एजेंटों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन इस मामले में हमलावर का मकसद साफ नहीं हुआ है।

घटनास्थल पर भारी पुलिस बल स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलीबारी के बाद बड़ी संख्या में पुलिस और आपातकालीन वाहन फैसिलिटी के पास हाईवे पर दिखाई दिए। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि मौके पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है। एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि हमलावर का उद्देश्य क्या था और उसने

**अमेरिका के डलास शहर में स्थित इमिग्रेशन एंड यूएस कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) डिटेंशन फैसिलिटी में बुधवार को गोलीबारी हुई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए, जबकि हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली**

डिटेंशन फैसिलिटी को ही क्यों चुना। फिलहाल तक इस मामले में किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है।